रामचरण और कियारा आडवाणी की जोड़ी गेम चेंजर... पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 29 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-162 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50


## वासंतिक नवरात्र

### अष्टमी : महागौरी



**मां दुर्गा** की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। महागौरी की चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है।

श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥

**मां** महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान भोलेनाथ पार्वती जी को देख कर कुछ ऐसी बात कह देते हैं जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्यारत पार्वती जब वापस नहीं आयीं तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचते हैं। शिव वहां पहुंचे तो पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के समान श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। अष्टमी के दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं।

## 30 मार्च से एक अप्रैल तक हल्की बारिश के आसार

### येलो अलर्ट जारी, 31 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान कुछ स्थानों पर हल्के दर्जे की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक, आज बारिश के आसार कम हैं। दोपहर बाद या शाम के समय आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकतें हैं। कल से लेकर एक अप्रैल तक कुछ इलाकों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं जिसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। आगामी 31 मार्च



को राज्य के दक्षिणी पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तापमान की बात की जाए तो अगले दो तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है, लेकिन उसके बाद अगले दो दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

## नक्सली बैजनाथ यादव पलामू से गिरफ्तार

### माओवादियों के टॉप कमांडर के लिए वसूलता था लेवी

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने हार्डकोर नक्सली बैजनाथ यादव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली बैजनाथ यादव पलामू के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कुलहइया का रहने वाला है। वहीं3 पूछताछ के क्रम में पुलिस को नक्सली बैजनाथ यादव से कई अहम जानकारी मिली है। जिसके बाद पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है। दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली बैजनाथ यादव छतरपुर अनुमंडल के इलाके में आया हुआ है। इसी सूचना के



आलोक में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ यादव पर पलामू के छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, पिपरा समेत कई इलाकों में एफआईआर दर्ज है। बैजनाथ यादव माओवादियों के टॉप कमांडर सह 10 लाख के ईनामी नक्सली नितेश यादव के दस्ते का सदस्य है। नितेश के अलावा संजय गोदराम, सीताराम रजवार की भी बैजनाथ मदद करता था। पुलिस की पूछताछ में नक्सली बैजनाथ यादव ने बताया कि वह माओवादियों के लिए लेवी वसूलता था। लेवी की रकम में वह अपना 10 से 15 प्रतिशत कमीशन भी काटता था। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि बैजनाथ यादव नितेश के संपर्क में रहता है। वह लेवी वसूलने के साथ-साथ पुलिस और अभियान की जानकारी माओवादियों के टॉप कमांडर तक पहुंचाता था। वह पूरे छतरपुर अनुमंडल के इलाके में माओवादियों के लिए लेवी वसूलता था। बताते चलें कि कुछ महीने पहले गिरफ्तार माओवादी प्रसाद यादव ने बैजनाथ यादव के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। जिसके बाद से पुलिस बैजनाथ की तलाश कर रही थी। बैजनाथ ने पुलिस को नितेश और कई नक्सलियों के बारे में जानकारी दी है। पुलिस बैजनाथ के मोबाइल और कॉल डिटेल को भी खंगाल रही है।

## जेल से रिहा कैदियों की काउंसलिंग की व्यवस्था हो : हेमंत

### झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में आजीवन सजा काट रहे 50 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार-विमर्श के बाद 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।



**रिहा होने वाले कैदियों का डाटा बैंक हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किए जाते हैं, उनका डाटा बैंक बनाया जाए। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय-समय पर इन कैदियों की प्रॉपर काउंसलिंग भी होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़े रहे। वहीं, जरूरतमंद कैदियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त, रांची अरुण कुमार राय और कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंग्रेज शोषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत, अमर वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1857 की क्रांति में इन्होंने अपनी वीरता और नेतृत्व क्षमता से ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी। अमर शहीद नीलाम्बर-पिताम्बर जी को शत्-शत् नमन।

### ईपीएफओ ने 8.15 फीसदी ब्याज दर तय की

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.15 प्रतिशत ब्याज दर तय की। यह फैसला ईपीएफओ के ट्रस्टी बोर्ड ने लिया है। पिछले साल ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए ब्याज दर 8.1 फीसदी घोषित की थी, जो 40 साल में सबसे कम थी। पिछली बार 1977-78 में ब्याज दर गिरकर 8 फीसदी पर आ गई थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2022-23 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर वित्त मंत्रालय की मंजूरी के लिए भेजी जाएगी। *(पेज-07 भी देखें)*

## सांसद ने लोकसभा में रेलवे क्रासिंग निर्माण का उठाया मामला

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा में कतिपय रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कतिपय रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस बनाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इन स्थानों की रेलवे क्रासिंग अधिकृत नही है। अतः रेलवे मंत्रालय इन स्थानों पर एलएचएस बनाने के लिए इच्छुक नही है। मंत्रालय का कहना है कि राज्य सरकार चाहे तो इन स्थानों पर कम्पोजिट स्कीम के अन्तर्गत एलएचएस बना सकती है। उल्लेखनीय है कि एक एलएचएस बनाने में 4 करोड़ से 5 करोड़ की अनुमानित राशि लगती है। रेलवे



या राज्य सरकारों के लिए यह बहुत बड़ी राशि जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए अधिक नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि फिर भी आपके माध्यम से रेल मंत्री से मांग करता हूं। आकांक्षी जिलों के लिए यह कार्य रेल मंत्रालय के द्वारा कर दी जाये। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे एलएचएस की आवश्यकता पलामू जिला के लालगढ़, पंजरीकला, डाली, कजरात नावाडीह, टोला बुढ़वापीपर सुआ, बखारी एवं गढ़वा जिला के सोनपुरवा, अहिरपुरवा, मेराल कुम्भी में है।

### योगी राज में मिट्टी में मिला माफिया अतीक

## 43 साल में पहली बार मिली सजा

### अपराध के खिलाफ सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति का नतीजा

### माफिया का अभेद्य किला हुआ ध्वस्त, सपा सरकार ने मुकदमे लिए थे वापस

**नवीन मेल नेटवर्क। प्रयागराज/लखनऊ**
43 साल में जो नहीं हो पाया वो छह साल की सुशासन की सरकार में हो गया। माफिया मिट्टी में मिल गया। पहली बार उसे किसी मामले सजा हुई। मुकदमों का शतक लगा चुके माफिया अतीक अहमद की जिंदगी अब सलाखों के पीछे कटेगी। हत्या, अपहरण, दंगा, फिरौती, लूट, डकैती और अवैध जमीन कब्जा सहित कई गंभीर मुकदमों को अपने गले का 'हार' बनाकर घूमने वाले अतीक को एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल अपहरण कांड में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए नजीर है। 100 मुकदमों का यह आरोपी समाजवादी पार्टी की सरकार में जब खुलेआम घूमता था तो यही लगता था कि 'कानून की सड़क' उसकी चौखट तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाती है। लोगों के मन मस्तिष्क में एक बोर्ड लग गया था। 'पुलिस, कोर्ट, कचहरी और न्याय जैसे शब्दों की सीमा समाप्त, यहां से अतीक के आतंक की 'सीमा' प्रारंभ होती है'। लोग माफिया को माननीय की 'पर्यायवाची' समझने लगे थे। लेकिन योगी सरकार ने माफिया को उसकी सही जगह बताई। पहली बार अतीक के चेहरे पर सरकार और कानून का डर दिखा।

### राजीव अरुण एक्का से दूसरे दिन भी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से ईडी ने दूसरे दिन भी पूछताछ की। मंगलवार को दिन के 11 बजे आईएएस अधिकारी पहुंचे, तकरीबन 11 बजे से एजेंसी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू की, इसके बाद दोपहर दो बजे तक उनसे अधिकारियों ने जवाब तलब किया। दोपहर दो बजे उन्हें लंच के लिए छोड़ा गया, इसके बाद दोबारा उनसे पूछताछ हुई। ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को भी ट्रांसफर-पोस्टिंग में विशाल चौधरी की भूमिका पर पूछताछ की। हालांकि, राजीव अरुण एक्का इस बात से इनकार करते रहे कि विशाल चौधरी की भूमिका ट्रांसफर-पोस्टिंग का किसी भी तरह के लाइजनिंग में रही है।

## कड़ी लड़ाई के लिए रहें तैयार : प्रधानमंत्री मोदी

### भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम की हुंकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस और अन्य तमाम विरोधी दलों की तरफ से राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों और नेताओं से कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को संसद भवन परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जितनी तेजी से आगे बढ़ती जाएगी, चुनावों में जैसे-जैसे और जितनी तेजी से जीत हासिल करती जाएगी, विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा के ऊपर हमला उतना ही ज्यादा तेज होता जाएगा। इसलिए सभी को एक कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री के इस आह्वान को विपक्षी दलों की एकता की मुहिम के मद्देनजर आगामी चुनावों खासकर 2024 के लोक सभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, सरकार की



उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही गैर राजनीतिक कार्यों एवं अभियानों में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्देश को सांसदों के लिए एक चेतावनी के तौर पर भी बताया जा रहा है कि लोक सभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दीजिए अन्यथा चुनाव जीतने के लिए पार्टी को उनके विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को अगले 15 दिनों में अपना ब्लूप्रिंट उनके कार्यालय भेजने को कहा है कि वे 15 मई से 15 जून के एक महीने के दौरान केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का अपने-अपने क्षेत्र में किस तरह से प्रचार प्रसार करेंगे। दरअसल, भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के सभी सांसदों को केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को देश की जनता तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। संसदीय दल की बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून यानी एक महीने तक केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात का उदाहरण देते हुए धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से भी सभी सांसदों को जुड़ने का आह्वान किया। मेघवाल ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। पार्टी 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक के सप्ताह को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद के मध्य नावाबाजार स्थित चेगौना धाम स्थित एनएच-98 पर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे पिकअप वाहन की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-98 को जाम कर दिया। बताया गया है कि फिरोज खान अपनी पुत्री शमा परवीन (15 ) के साथ चेगौना धाम के पास प्रतिदिन की तरह चना बेचने के लिए जा रहे थे। रास्ते में पिकअप ने दोनों को चपेट में ले लिया। शमा परवीन की घटनास्थल पर मौत हो गई। घायल फिरोज खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। नावाबाजार पुलिस ने पिकअप को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सड़क जाम की सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 29 मार्च को संध्या 6:13 और सेहरी का समय 30 मार्च को सुबह 4:33 मिनट में होगा।

**अतिक्रमण** जियाडा की बैठक में सीमांकन व बोर्ड लगाने का निर्देश

## जियाडा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करें : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, जियाडा की 11वीं बोर्ड बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि जियाडा के अंतर्गत आने वाली जमीन का सीमांकन और बोर्ड लगाने का निर्देश दिया, ताकि उसका अतिक्रमण नहीं हो। उन्होंने जियाडा क्षेत्र में बिजली -पानी-सड़क जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने को कहा।

**15 एजेंडों पर चर्चा :** जियाडा की बोर्ड मीटिंग में 15 एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य में



जियाडा के बोकारो, आदित्यपुर, रांची और संथाल परगना प्रक्षेत्र में कुल 132 इंडस्ट्रियल एरिया में 3484 इंडस्ट्रियल यूनिट हैं। वहीं, जियाडा के अधीन 9013 एकड़ जमीन है, जिसमें 8021 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल यूनिट के लिए आवंटित की गई है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव केके सोन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग रमेश घोलप और जियाडा रांची, बोकारो, आदित्यपुर और संथाल परगना के क्षेत्रीय निदेशक मौजूद थे।

### प्लांट नहीं लगाने वालों को नोटिस जारी करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जियाडा में जिन कंपनियों को भूमि आवंटित किया गया है, लेकिन उनके द्वारा यहां कोई प्लांट स्थापित नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करें। उन्होंने यह भी कहा कि जियाडा परिसर के आसपास के क्षेत्रों में जिन उत्पादों की ज्यादा डिमांड और उत्पादन होता है, वैसे ही उत्पादों से जुड़े सामग्री बनाने वालों को जियाडा परिसर में जमीन आवंटित करने में प्राथमिकता दी जाए।

## सारिका ने समझाया ग्रह कतार का साइंस

### ग्रह थे अपने गृह में लेकिन दिख रही थी उनकी आभासी कतार

**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**
आसमान में ग्रहों की आभासी कतार को दिखाने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने विद्याविज्ञान कैंप का आयोजन किया। इसमें टेलीस्कोप की मदद से ग्रहदर्शन कराया गया। सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया पर ग्रहों की कतार को इस तरह बताया जाता है जैसे कि ग्रह सचमुच एक लाइन में आ गये हों। वास्तव में हर ग्रह का खुद का एक परिक्रमा पथ है। वे अपने ही पथ पर चलते हुए सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं। सारिका ने बताया कि आज के दिन बुध जहां लगभग 18 करोड़



किमी. तो जुपिटर 88 करोड़ किमी और यूरेनस 305 करोड़ किमी से अधिक दूर था। इनका पृथ्वी से देखने पर कोण इस प्रकार बन रहा था कि ऐसा लगा कि वे एक कतार में हैं। हालांकि, ये अपनी-अपनी जगह पर थे। सारिका ने बताया कि पांच ग्रहों में से वीनस को तो उसकी चमक के कारण और चंद्रमा के पास स्थित मार्स को उसकी लालिमा के कारण पहचाना जा सकता था। जुपिटर और मरकरी अस्त होते सूर्य के पास थे इसलिए कुछ देर ही दिखे। यूरेनस को सिर्फ टेलीस्कोप की मदद से ही देखा जा सका। सारिका ने बताया कि ग्रहों की परिक्रमा करते रहने से वे कुछ माह के अंतराल में रोचक स्थिति में आते रहते हैं, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं आमलोगों को खगोल विज्ञान समझने के लिए प्रेरित करती हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## शोखा बाबा मंदिर में 12 घंटे का अखंड कीर्तन

**विश्रामपुर।** रामनवमी महोत्सव के मद्दे नजर विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा पंचायत में स्थित प्रसिद्ध शोखा बाबा मंदिर परिसर में 12 घंटे का अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्थानीय लोक कलाकार प्रमोद पांडेय अपने मंडली के साथ हरे राम हरे राम,राम राम हरे हरे के धून पर 12 घंटे तक रामभक्तो के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन रामनवमी पूजा कमिटी के द्वारा किया गया॥ जसमें देव कुर के मुख्य पुजारी योगीन तिवारी व सहायक पुजारी गंऊवा पांडेय ने मंत्रोच्चारण के बीच पूरे विधि-विधान से पुजा संपन्न कराया। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष रामनिवास तिवारी ने बताया की 30 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 31 मार्च को शाम 4 बजे से भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

## पाटन भाजपा मंडल ने प्रशिक्षु आईएएस से मुलाकात की



**पाटन ।** मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के साथ भाजपा के शिष्टमंडल पाटन अंचल में नये सीओ के प्रभार में आये आईएस प्रशिक्षु बिस्पुते श्रीकांत यशवंत को शॉल और गुलाब देकर सम्मानित किया । पाटन के भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि नए सीओ के प्रभार में आए आईएस प्रशिक्षु श्रीकांत से मुलाकात कर यहां की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि आपके आने से पाटन की जनता में एक नई विश्वास उत्पन हुई है । आप से सभी पाटन की जनता आस लगाए बैठे हैं की अब प्रखंड का चकर काटने से निजात मिलेगी। मुझे भी आपसे यही अपेक्षा है कि जनता का कार्य शीघ्रतापूर्ण हो । उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता की हर कार्य समयानुसार पूर्ण किया जाएगा। शिष्टमंडल में उपस्थित जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी ,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान ,सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# सप्तमी पर निकली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा ।** प्रखंड पोंची के हलुमाड़ में महापर्व राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर सप्तमी तिथि के दिन कलश यात्रा निकाला गया। मौके पर पोंची पंचायत मुखिया गिरवर प्रसाद राम, पसस अशोक राम, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव संयुक्त रूप से मुख्य यजमान मंजू देवी को कलश देकर जल यात्रा की शुरूआत किया गया। जल यात्रा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, बजरंग बली की जय आदि नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। जल यात्रा हलुमाड़ गांव से गुजरते हुए औरंगा नदी पहुंचा। जहां पर पुरोहित अशोक पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरवाया गया। कलश में जल भरकर पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित किया गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष रामलाल सिंह चेरो ,सचिव मंटू विश्वकर्मा ,उपाध्यक्ष मनोज मेहता ,योगेंद्र भुईयां ,सिकंदर भुईयां, हीरा नंदन सिंह, संजय लाल सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त जन मौजूद थे।

## भटकी हुई बच्ची पहुंची घर

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के सोरडीहा में एक भटकी हुई पांच वर्षीय बच्ची को विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय व बिश्रामपुर पुलिस के सहयोग से उसके माता पिता को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार सोरडीहा में एक बच्ची भटक कर आ गई थी। इसकी सूचना पुजारी राजू पाण्डेय व व्यवसायी सोनू दुबे ने स्थानीय पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने बच्ची को थाना लाकर इसकी जानकारी विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय सहित प्रेस मीडिया को दी। जिसके उपरांत बच्चीं के माता पिता की खोजबीन शुरू की गई।

# उदीयमान सूर्य अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ पूजा उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूरे भक्ति भाव व श्रद्धापूर्ण माहौल में मनायी गयी। स्थानीय जेपी चौक स्थित छठ पोखरा, दिनेश चौक के समीप उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट, दंगवार के सोन तट स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर छठ घाट, देवरी सोन नदी आदि अन्य जगहों पर छठी मईया की पूजा की गई। व्रतियों ने मंगलवार को उदयगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके



साथ ही चैती छठ पर्व श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व नगर पंचायत कर्मियों द्वारा छठ पूजा के अवसर पर जेपी चौक स्थित छठ पोखरा में पेयजल व स्वच्छता के साथ-साथ प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। वही नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने भी अपनी पत्नी प्रिया देवी के साथ छठ पूजा कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इधर जमुहरि मई छठ घाट परिसर में सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर श्री चारधाम मन्दिर समिति व भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने घाट पर भिक्षाटन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भिक्षाटन में जो भी धनराशि मिलता है, उससे सूर्य मंदिर के निर्माण व विकास कार्य मे लगाया जाता है। यह भिक्षाटन का 9 वां वर्ष है। उन्होंने क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की कामना की।

# लाखों की लागत से बना भवन बेकार, पदाधिकारी लापरवाह

## खबर प्रकाशित के बाद भी नहीं हो रही है कार्रवाई

### आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनने के बावजूद सेविका अपने घर में ही कर रही है केंद्र का संचालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** आदर्श ग्राम किशुनपुर कोड संख्या तीन में पांच वर्ष पूर्व करीब छह लाख की लागत से बने आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनने के बावजूद भी सेविका अपने घर में ही केंद्र का संचालन कर रही है। इस मामले की जानकारी के बावजूद भी विभाग मौन है। वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन शौचालय में परिवर्तित हो गया है। इसकी खबर दो माह पूर्व मे प्रकाशित की गई थी। लेकिन इस पर अभी तक विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में सीडीपीओ अनिता कुमारी का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन तालाब के किनारे बना है । सुरक्षा की दृष्टिकोण से वह सही नहीं है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार सेविका आंगनबाड़ी केंद्र को अपने घर में ही चला रही है। जिसके कारण केंद्र के संचालित होने का पता ही नहीं चलता है कि वह कब खुला है और कब बंद हुआ। सरकार द्वारा दी जाने वाली पोषक आहार नौनिहालों में बांटा जा रहा है या नहीं। यह जांच का विषय है। केन्द्र भवन की जांचकर नव निर्मित बने भवन में ही केंद्र को संचालित किया जाना चाहिये। जानकारी के अनुसार पाटन प्रखंड अंतर्गत ऐसे कई आंगनबाड़ी केंद्र है। जिसका भवन बनने के बावजूद भी सेविका केंद्र को घर में ही चला रही हैं। विभाग से उसका किराया भी लेती हैं। यह सरकारी पैसा का दुरूपयोग है। इसमें विभागीय कर्मियों की भी मिलीभगत है।



# राम कथा से क्षेत्र में बह रही भक्ति की बयार

**नवीन मेल संवाददाता**



**नावा बाजार।** (गढ़वा रोड) स्थित सिद्धपीठ श्री योगीबीर देवस्थल पर आयोजित रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के उपलक्ष्य में पूरे नवरात्र तक चलनेवाले रात्रिकालीन प्रवचन हेतु काशी से पधारे मानस व भागवद मर्मज्ञ श्री मारुति किंकर महाराज ने प्रवचन पंडाल में जारी रामकथा के चतुर्थ दिवस पर नवरात्र में शक्ति के नव स्वरूप की चर्चा करते हुए वासंतिक और शारदीय नवरात्र में देवी की आराधना को सर्वश्रेष्ठ काल बताया की उन्होंने भारतवर्ष के 51 शक्तिपीठ का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए कामख्या शक्तिपीठ का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने शक्ति की भक्ति को मानव कल्याण का श्रेष्ठ मार्ग बताया। काशी से पधारे कथावाचक श्री मारुति किंकर महाराज और उनकी संगीत मंडली को देवस्थल पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, एएसआई रामचंद्र चौधरी, महायज्ञ आयोजन समिति के संरक्षक रणजीत सिंह, गढ़वा रोड स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार, संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक व सर्व धर्मप्रेमी एस एम एश्री, सेवानिबृत शिक्षक विजय चंद्रवंशी, रामचंद्र दीक्षित, किशोर कुमार, अध्यक्ष श्याम किशोर चंद्रवंशी , सचिव डा बी पी शुक्ल, उपाध्यक्ष ज्वाला गुप्ता, यज्ञस्थल के पुजारी पंडित आलोक पाठक, शंभू गुप्ता, विजय टीकधारी सुशील पांडेय, श्रीनवास पांडेय सहित दर्जन भर समिति के सक्रिय कार्यकत्ताओं ने माल्यार्पण कर भावपूर्ण स्वागत कर उन्हे आकर्षक प्रवचन पंडाल में बने ब्यास पीठ पर मंचासीन कराये। रामकथा के अनछुए प्रसंग और शक्ति की असीम महिमा के वर्णन से प्रवचन स्थल पर जुटे बड़ी संख्या में श्रोता समाज विभोर हो उठे। मारुति किंकर महाराज के द्वारा रात्रिकालीन प्रवचन महानवमी तक जारी रहेगा।

कला | विश्व रंगमंच पर इप्टा का संवाद कार्यक्रम आयोजित

# कीचड़ सने पैरों से रंगमंच में प्रवेश न करो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर इप्टा ने संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसके संवाद का विषय था कैसा हो जनता का रंगमंच। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी प्रसिद्ध राम ने की। इस मौके पर मिस्त्र की लोकप्रिय अभिनेत्री समीहा अयूब द्वारा जारी संदेश के पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समीहा अयूब ने अपने जारी संदेश में स्तनिस्लावस्की के संवाद को याद करते हुए कहा है कि कीचड़ सने पैरों से कभी रंगमंच में प्रवेश मत करो। अपनी छोटी छोटी दिक्कतों को वाह्य आवरण के साथ बाहर छोड़ दो। जीवन को नष्ट करने वाली और तुम्हारी एकाग्रता को भंग करने वाली चीजों को कला से दूर बाहरी दरवाजे पर रखो। समीहा अयूब द्वारा जारी संदेश को तमाम रंग कर्मियों और बुद्धिजीवियों ने सुना। उसके बाद कैसा हो जनता का रंगमंच विषय पर लोगों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किया। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए मनीष मिश्रा ने अपनी कविता के माध्यम से जनता के रंगमंच के गुण और स्वरूप को बताया। उन्होंने बताया कि जनता के रंगमंच को स्वच्छ, सुंदर और भेदभाव मिटाने वाला रंगमंच होना चाहिए। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा कि दुखों की व्यथा कहने वाला, सवाल खड़े करने वाला और सुंदर दुनिया के निर्माण की कल्पना करने वाला ही जनता का रंगमंच हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में रविशंकर ने धन्यवाद प्रेषित किया। मौके पर अरविंद कुमार सिन्हा, शिव शंकर प्रसाद, गौतम कुमार, राजीव रंजन, संजीव कुमार संजू, अजीत कुमार, अभय मिश्र, अजीत पाठक, शशि पांडेय, भोला कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




## एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ, आवास कॉर्डिनेटर, रोजगार सेवक व पंचायत सेवक सहित आवास योजना से संबंधित कई कर्मी उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ रतन कुमार सिंह ने आवास योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी भी 2016-22 तक 634 आवास लंबित है। इसके उपरांत एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कर्मियों को हर हाल में अधूरे प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आवास का पूर्ण नहीं होना लापरवाही का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित कर्मी आवास योजनाओं को हरहाल में पूरा करने में सक्रियता दिखाये अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर आवास कॉर्डिनेटर अजय कुमार पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी, रोजगार सेवक शंभू तिवारी समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## बीस सूत्री अध्यक्ष ने की बैठक

**सतबरवा।** प्रखंड के सभागार में 20 सूत्री की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव ने की । जबकि संचालन बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने की। बैठक में पदाधिकारियो की उपस्थित नहीं रहने के कारण 20 सूत्री अध्यक्ष व सदस्य भड़के। पूछा कि इस तरह की बैठक का क्या मतलब है। इस पर बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि महापर्व रामनवमी व रमजान के लेकर बैठक में पदाधिकारी शामिल नहीं हुए हैं। अगली बार से आपलोगों को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। वही 20 सूत्री सदस्य श्रवन प्रसाद व निवास चौधरी ने प्रखंड में चल रहे सभी योजनाओं की सूची मांगी। साथ हीं प्रखंड में हो रहे पानी की समस्या के बारे में पूछा। जवाब में कहा गया कि हम लोग नया चापाकल नहीं लगा सकते। जो चापाकल खराब है उसकी मरम्मत की जायेगी। बैठक में 20 सूत्री सदस्य दीपक चंद्रवंशी, मोइनुद्दीन खान उर्फ बाबू खान, कोऑर्डिनेटर रोशन रंजन पाठक, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, सूर्यदेव विश्वकर्मा मौजूद थे।

## नगर परिषद कर्मियों ने निकला मशाल मार्च

**विश्रामपुर।** स्वच्छता उत्सव 2023 के शुभ अवसर पर विश्रामपुर नगर परिषद के द्वारा स्वच्छ मशाल मार्च का आयोजन किया गया। मशाल मार्च एतिहसिक पंचमुखी मंदिर परिसर से गांधी चौक होते हुए सिर्डिहा महावीर ऑटो मोबाइल तक निकली । नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने कहा कि निरोगी काया के लिए स्वच्छता बहुत ही आवश्यक है। जिसके लिए स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह मशाल मार्च निकाला गया है। प्रभात कुमार ने कहा कि 75 माइक्रोन से कम प्लास्टिक को बैन करने कि जरुरत है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-51/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड में लावागाई दारहाटांड़ से लोहरदगा प्रखण्ड के बाघा जाने वाले पथ में स्थित कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 7,28,76,800.00 | 14,58,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |
| 2 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कुडू अन्तर्गत ग्राम–चिताकोनी से बड़मारा मकान्दु जाने वाले पथ में स्थित सफी नदी पर पुल निर्माण। | 4,03,65,500.00 | 8,08,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 3 | लोहरदगा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षक/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध कार्य | 5,86,34,109.00 | 11,75,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 4 | लोहरदगा जिला के भण्डरा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षक/ तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 25.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक 26.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशिजमा करने का स्थान :–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, लोहरदगा।
   ii) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
   iii) e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, रॉंची
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :–e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र एफ.एफ.पी. भवन धुर्वा,रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 27.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या:–9934523795
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकतीहै तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 293818 Lohardaga (22-23)_D



**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. :** RCD/GARHWA/330/2022-23**Date:-** 27.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Widening & Strengthening/Reconstruction of Namdhari College (Old NH-75 Road) to Pachpadwa (NH-343) via Korwadih, Chama, Duldulwa Road (Total Length 24.670) under Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **77,68,72,000.00** (Rupees Seventy Seven crore Sixty Eight Lac Seventy Two thousand) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. **77,69,000.00** (Rupees Seventy Seven Lac Sixty Nine Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 20 (Twenty) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 08-05-2023, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 19-04-2023, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

Note :- The Bid Amount & Bid security can be decrease or increase.
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

PR293765 (Road)22-23*D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **304/2022-23/RWD/CHATRA** दिनांक :- **28.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/CHATRA/14/SRPKG-02/2022-23 | (i) मोकतमा फॉरेस्ट डाक बंगला से ग्राम डहुरा भाया अकौना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.350 कि0मी0) | 10,11,07,507.00 | दस करोड़ ग्यारह लाख सात हजार पाँच सौ सात रू0 मात्र | 15 माह |
| | | (ii) आरा से आसानी होते हुए ओमरी (अहुरी) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.500 कि0मी0) | | | |
| | | (iii) धमनिया मोड़ से ग्राम कारी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.500 कि0मी0) | | | |
| | | (iv) बभने से डाढ़ा भाया पकरिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.000 कि0मी0) | | | |
| | | (v) बकचुमा पक्की सड़क से बिरहोर कॉलोनी होते हुए चारू से दुल्हा जिला परिषद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.125 कि0मी0) | | | |
| | | (vi) धानगिरी से पोस्तिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.980 कि0मी0) | | | |
| 2. | RWD/CHATRA/15/SRPKG-03/2022-23 | (i) राजेश द्वार (सिमरिया एन0एच0–100) से पचफेरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.600 कि0मी0) | 12,67,19,412.00 | बारह करोड़ सड़सठ लाख उन्नीस हजार चार सौ बारह रू0 मात्र | 15 माह |
| | | (ii) सबानो (रानीपोखर) से केन्दु भवानी मठ भाय मंगरदाहा पुल तक पथ का विशेष कार्य (लं– 8.200 कि0मी0) | | | |
| | | (iii) चौथा से पथलकुदवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0) | | | |
| | | (iv) तेतर मोड़ से डाढ़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.700 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **06.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **19.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **20.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (20.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **21.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR 293790 Rural Work Department(22-23)#D**

NEWS इन ब्रीफ

### छत से गिरकर छह वर्षीय बालक घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पनेरी गली रोड निवासी छोटू कुमार का पुत्र शौर्य कुमार उम्र 6 साल छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर शौर्य अपने छत पर खेल रहा था। तभी अचानक वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब परिजन बाहर निकले तो देखा कि शौर्य छत से नीचे गिरा पड़ा है। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद परिजन उसे घर ले गए।

### राम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन : विहिप

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के लामी पतरा गांव में स्थित देवी मंदिर में बजरंग दल के नगर संयोजक संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने बताया कि पिछले 22 मार्च 2023 से विभिन्न खंडों और उप खंडों में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जो आगामी 05 अप्रैल 2023 तक लगातार जारी रहेगा। आगामी 06 अप्रैल 2023, हनुमान जयंती के दिन जिला भर के सभी खंड और उपखंड में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और हनुमान जी की सामूहिक आरती विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित की जायेगी। आज के कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल के संदीप कुमार गुप्ता, विपिन प्रसाद, सुनील कुमार,राजा साव इत्यादि की सहभागिता रही।

# नवरात्र सप्तमी को लेकर मन्दिरों में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में नवरात्र की सप्तमी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन पूजन के लिए लगी रही। मां शीतला माता और दुर्गा माता के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी सुबह से दर्शन के लिए महिला श्रद्धालुओं की कतार लग गई। सप्तमातार मंदिर,हनुमान मंदिर, दुगार्बाड़ी, काली मंदिर,रेड़मा काली मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नवरात्रि का पर्व जैसे-जैसे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। देवी मंदिरों में दर्शन पूजन करने वालों की भीड़ उमड रही है। सुबह से ही स्थानीय सप्तमातार मंदिर में महिलाओं की भीड़ रही। मन्दिरो में पैर रखने तक कि जगह नही रही। लाल चुनरी, नारियल, बताशा और अगरबत्ती की ज्यादा मांग रही। वही गर्मी के कारण पूजा करने आये श्रद्धालुओं को परेशानी भी हुई। लेकिन मन्दिर प्रबंधन की ओर से पानी की व्यवस्था किया गया। बताते चले कि नवरात्र में सप्तमी से ही माता का पट खुलता है और माता अपने भक्तों को दर्शन देती है।

### आज होगी अष्टमी की पूजा

आज नवरात्र के अष्टमी का पूजन होगा। जिसमें महिलाएं उपवास रखकर माता की पूजन करेंगी और दीप जलाकर संधि पूजन करेंगी। अष्टमी में माता महागौरी की आराधना की जाती है। कन्या पूजन का भी आयोजन किया जाता है।

# माता हीरामणि देवी व अग्रवाल क्लब का भंडारा 30 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवा सदन स्थित माता हीरामणि देवी निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर कार्यालय में संध्या 7 बजे माता हीरामणि सेवा टीम और अग्रवाल क्लब की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें श्रीरामनवमी पूजा के उपलक्ष्य में दोनों की सहभागिता से यह निर्णय लिया गया कि हर साल की भांति इस साल भी 30 मार्च दिन गुरुवार को दोपहर 11बजे से अम्बेडकर पार्क, थाना रोड के निकट भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पुड़ी, सब्जी, बुंदिया, आचार और पानी का वितरण किया जायेगा। साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया कि रात्रि 8 बजे से छह मुहान चौक पर 30 मार्च दिन गुरूवार को भी भव्य भंडारा किया जायेगा। जिसमें खास्ता कचौड़ी, छोला, फल, जूस



बोतल तथा पानी बोतल का वितरण किया जायेगा। मौके पर ध्रुव अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल (पप्पन), राजकुमार अग्रवाल (राजू), अमरीश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विक्की वर्मा, पवन अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, शुभम, मोहित सहित काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

# बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी के द्वारा लगातार पब्लिक और स्कूल कॉलेज में जाकर बच्चो को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु सिंह के द्वारा सदर प्रखंड के कौड़िया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। मौके पर उपस्थित अभिमन्यु कुमार सिंह ने स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन ना चलाएं। यदि आप अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर निकलते हैं तो हेलमेट, जूता,लाइसेंस वाहन से संबंधित कागज अपने पास रखें। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि यदि आपके घर के बड़े बुजुर्ग घर से निकलते हैं तो उन्हें जरूर याद दिलाए कि हेलमेट पहन कर घर से निकले। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है। हमारा दायित्व है कि हम स्वयं के साथ- साथ अपने परिजनों की भी रक्षा करें। उन्होंने विशेषकर कम उम्र के बच्चों को बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर कानूनन सजा के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कहा हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कोरोना से भी अधिक व्यक्तियों की मौत हुई है। बिना लाइसेंस, हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी ड्राइविंग करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाने की चेतावनी दी।

# आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न

### संपूर्ण शहर भक्ति के माहौल में डूबा रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व आस्था के साथ मंगलवार उदीयमान सूर्य के अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। सोमवार की शाम तथा अगली सुबह छठ व्रतियों तथा श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न छठ घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ महापर्व को लेकर संपूर्ण शहर भक्ति के माहौल में डूबा रहा। शहर में चारों ओर छठ मैया के गीतों की धुन सुनाई देती रही। स्थानीय कोयल नदी, अमानत नदी के तट पर मनोरम दृश्य देखने को मिला। जहां लोगों ने खुले जल में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। कई छठ व्रतियों ने घर के छत पर भी पूजा किया और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। श्रद्धालु प्रातःकाल से ही छठ घाट की ओर डाला के साथ रवाना हो गए। सूर्य की लालिमा देखते ही व्रती एवं श्रद्धालुओं के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी। इससे पूर्व व्रती तथा श्रद्धालु ने घंटों भगवान सूर्य के उगने का इंतजार जल में खड़े होकर किया। व्रती के जल से निकलने के बाद लोगों ने उनके पांव छुए व आशिष प्राप्त किया। इस दौरान व्रतियों ने पुरूषों को टीका लगाया तथा महिलाओं की मांग में सिंदूर दिया तथा उनके सुहाग की दीघार्यु होने की प्रार्थना की। अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद प्राप्त करने की होड़ लग गई। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्रती से आशीष लिया। छठ पूजा को लेकर शहर में प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई थी। प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। व्रती ने मंगलवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य देने के लिए कोयल नदी,पम्पू कल और अमानत नदी के विभिन्न छठ घाटों, अस्थायी तालाबों और घर की छतों पर पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और परिवार के मंगल, सुख समृद्धि की कामना की। उदीयमान सूर्य के अर्घ्य देने के बाद पारण के



साथ ही महापर्व का चार दिनों का अनुष्ठान संपन्न हो गया। पिछले तीन सालों से कोरोना के कारण छठ घाटों पर पर्व करने की कई तरह की मनाही थी। लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण की कमी के कारण घाटों के किनारे पर्व मनाने की पूरी तैयारी की गई थी। गौरतलब है की रविवार की शाम छठ व्रतियों ने चावल-गुड़ की खीर, रोटी बनाकर फल-फूल से विधिवत पूजा कर भगवान भास्कर को भोग अर्पित किया और खरना किया। शनिवार को नहाय खाय के साथ चैती छठ प्रारंभ हुआ था। एक चैत्र माह में दूसरा कार्तिक माह में पलामू में इस पर्व को बड़े ही धूमधाम और पूरी निष्ठा के साथ मनाया जाता है।

**महिलाओं क्यो लगाती है नाक तक सिदूर :** संतान के अलावा छठ का व्रत पति की लंबी आयु की कामना के लिए किया जाता है। इसलिए इस पूजा में सुहाग के प्रतीक सिदूर का भी खास महत्व है। हिदू धर्म में विवाह के बाद मांग में सिदूर लगाने का रिवाज है और इसे सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। छठ पूजा में भी महिलाएं नाक तक सिदूर लगाती है ,क्योंकि ऐसी मान्यता है कि जितना लंबा सिदूर लगाया जाय पति की उम्र इतनी लंबी होती है।

**छठ व्रत का मुख्य प्रसाद ठेकुआ :** यह गेहूं का आटा गुड़ और देसी घी से बनाया जाता है। प्रसाद को मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से जला कर पकाया जाता है। ऋतु फल में नारियल, केला,पपीता सेब, अनार, कंद, सुथनी, ईख, सिंघाड़ा, शरीफा, कंदा, संतरा, नींबू, हल्दी, पत्तेदार अदरक, मुरली, पान, सुपारी मेवा आदि का सामर्थ्य के अनुसार गाय के दूध के साथ अर्घ्य दिया जाता है।



NEWS इन ब्रीफ

## 600 लोगों मिला निःशुल्क दवा

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित मध्य विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ मुकेश मछुआ, चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद ने फीता काट कर किया। बीडीओ मुकेश मछुआ और चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, आंख जांच, कुष्ठ रोग नियंत्रण,दंत चिकित्सक, टीबी नियंत्रण मलेरिया और आंखों की जांच के लिए अलग अलग स्टॉल लगाये गये। स्वास्थ्य मेला में लगभग 600 रोगियो का जांच कर निशुल्क दवा दिया गया। स्वास्थ्य मेला में लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। वहीं स्वास्थ्य मेला में भारी अव्यवस्था देखी गई। स्वास्थ्य मेला में दुर दराज से आये ग्रामीणों के लिए बैठने और पेयजल की व्यवस्था भी नहीं किया गया था।जिस कारण मरीज मजबूरन जमीन पर बैठने को विवश हुए। इस मौके डां अभिजीत विश्वास, निशांक निश्रम, प्रियंका कुमारी, एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार,मनोज पाठक, पिंटू कुमार, मनोज पाठक,बीटीटी अनुज कुमार , एएनएम सुलेखा कुमारी ,पबिता कुमारी बबिता देवी,राजकुमारी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संघ ने सामूहिक त्याग पत्र देने की दी चेतावनी

**केतार।** केतार प्रखंड के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को ज्ञापन सौंपकर आवास मित्र की बहाली नहीं करने का आग्रह किया है। बीडीओ को सौंपे ज्ञापन में स्वयं सेवकों ने उल्लेख किया है की हम सभी पंचायत स्वयंसेवक पुरी लगन के साथ निरंतर पुर्वक करते आ रहे हैं। पीएम आवास के अलावे प्रखंड कार्यालय द्वारा जो भी कार्य दिया जाता है। उसे हमलोग ससमय पुरा करते हैं। प्रखंड कार्यालय से निरंतर आवास मित्र की बहाली हो रही है। जिससे आवास की डाटा की गोपनीयता भंग हो रहा है। वहीं पुरे पंचायत में अस्थिरता का माहौल बना हुआ है।

# डंडई : चैती छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ चैती छठ महापर्व मनाया गया। उक्त अवसर पर 2 दिनों का निर्जला उपवास रख छठ व्रतियों के द्वारा मंगलवार को उदयीमान भगवान भास्कर का अर्घ्य देने का काम किया गया। वही चैती छठ महापर्व को लेकर पहली बार डंडई का दनारो नदी बगीचा छठ घाट जगमग हुआ। बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ने छठ घाट पहुंच अस्ताचलगामी व उदयीमान भगवान भास्कर का अर्घ्य दिया। डंडई के प्रमुख समाज सेवी संगठन जय हिंद क्लब के सदस्यों के द्वारा छठ व्रतियों को कई तरह की सुविधा उपलब्ध गई। उनमें प्रमुख रूप से छठ व्रतियों को नहाने के लिए स्नानागार, झरना, सोलर युक्त रंग बिरंग के जगमगाता लाइट से लेकर शीत से बचाव के लिए टेंट का भी व्यापक प्रबंध क्लब के सदस्यों के द्वारा किया गया।

मौके पर क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र मेहता ने बताया कि उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी तादाद में छठ व्रती इस घाट पर चैती छठ महापर्व को मनाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी संख्या को देखते हुए हम सभी क्लब के सदस्य बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में जुट गए। साथ ही हमलोगों से जो बन पड़ा उनके लिए करने का काम किये। शैलेंद्र ने जानकारी देते हुवे बताया की अगले वर्ष से कार्तिकेय छठ महापर्व की तरह ही चैती छठ महापर्व के अवसर पर भी हमसभी छठवरतियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का काम करेंगे। उधर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने भी छठ घाटों का भ्रमण कर क्लब की ओर से व्रतियों के लिए उपलब्ध कराई गई ब्यवस्था पर खुशी जाहिर किया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व छठ महापर्व है। चैती छठ के बारे में उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्रों में इससे पहले जहां तहां लोग छोटे-छोटे जलाशयों पर बैठकर चैती छठ महापर्व करने का काम कर रहे थे। लेकिन इस वर्ष उनकी संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। उनकी उपस्थिति से डंडाई का दनारो नदी बगीचा छठ घाट जगमग हुआ है। उन्होंने छठ व्रतियों के लिए सरकारी फंड से कई तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

## चैती छठ उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने को उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ मंगलवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ सम्पन्न हो गया पूरे क्षेत्र में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण मनाया गया। समाचार लिखे जाने तक कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है अनुमंडल मुख्यालय स्थित बांकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठघाट पर बड़ी संख्या में छठ व्रतधारियों ने उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। अनुमंडल मुख्यालय स्थित सूर्यमन्दिर छठघाट को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। प्रभात क्लब द्वारा व्रतधारियों की सुविधा के लिये रोशनी व ध्वनि का व्यापक व्यवस्था किया गया था। सूर्य मंदिर के निकट ही प्रभात क्लब का नियंत्रण कक्ष बनाया गया था नियंत्रण कक्ष से लगातार छठ गीतों के हो रहे प्रसारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा था नियंत्रण कक्ष में प्रभात क्लब के अध्यक्ष हजारी प्रसाद, सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह,दयावन्त शर्मा कृष्णा राम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।नगर पंचायत की ओर से पूरे छठ परिक्षेत्र की साफ सफाई व व्रतधारियों के स्नान के लिये टैंकर द्वारा पानी की व्यवस्था किया गया था विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष व्रतधारियों की संख्या अधिक थी विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिख रही थी छठ परिक्षेत्र में पुलिस बल तैनात थे थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह दल बल के साथ छठघाट का जायजा लेते दिखे। मौके पर एएसआई रामाशीष पासवान,सशस्त्र बल नीतीश कुमार श्रीवास्तव, शशि पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

### नीलांबर-पीतांबर की शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित , बोले मिथिलेश ठाकुर

# शहीद नीलांबर-पीतांबर के गांव का होगा कायाकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को झारखंड के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर का 164 वां शहादत दिवस मनाया गया। खरवार आदिवासी एकता संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर किया। इस दौरान आदिवासी नृत्य एवं गीत से मंत्री श्री ठाकुर का स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने नीलांबर-पीतांबर के वंशज को मंच पर माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हम सभी स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर की शहादत के बदौलत ही स्वतंत्र भारत के निवासी कहे जाते हैं। आजादी के बाद आदिवासियों, मूलवासियों की स्थिति काफी खराब थी। दिशोम गुरू शिबु सोरेन ने जोरदार आंदोलन कर महाजनी प्रथा को समाप्त किया एवं लड़कर मूलवासियों, आदिवासियों का राज्य अलग बनवाया। दुर्भाग्य यह रहा कि राज्य तो लड़कर ले लिया परंतु सत्ता हाथ में नहीं आई। लंबे समय तक लोगों ने राज्य का शोषण किया, परंतु अब झारखंड की जनता ने आदिवासी, मूलवासी विरोधियों को सबक सिखाया। जब से झारखंडी जनमानस की राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, तब से काफी तेज गति से विकास कार्य हो रहा है। विषम परिस्थितियों में भी हो रही झारखंड का विकास दिल्ली में बैठे लोगों को रास नहीं आ रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का गांव चेमो-सनेया डूब क्षेत्र होने के कारण मूलभूत सुविधाओ से वंचित है। परंतु वह डूब क्षेत्र ही क्यों न हो बहुत जल्द चेमो-सनेया गांव का कायाकल्प होगा। वहां बिजली, पानी, सड़क आदि सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। अगले वर्ष शहादत दिवस चेमो-सनेया गांव में ही मनाया जाएगा। यही वीर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंत्री ने कहा कि पलामू के दुबियाखांड़ में लगने वाला आदिवासी कुंभ मेला को राजकीय मेला घोषित कराने के लिए कद्दावर नेता इंदर सिंह नामधारी 1990 से ही प्रयासरत रहे। फिर भी किसी भी सरकार ने नहीं सुनी। परंतु हेमंत सोरेन ने उक्त मेला को राजकीय मेला घोषित कर दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले, जनता के साथ छल करने वाले लोगों से सावधान रहें। आज सभी लोग इस शहादत दिवस पर जाति, धर्म एवं संप्रदाय से उपर उठकर लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लें। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर का एक ही उद्देश्य है गढ़वा को पूर्ण रूप से विकसित करना। ये सभी जाति, धर्म एवं संप्रदाय के लोगां को एक समान भाव से देखते हैं। उन्होंने कहा कि तमाम अड़चनो के बावजूद मंत्री श्री ठाकुर चेमो-सनेया गांव को सर्वसुविधा संपन्न गांव बनायेंगे। साथ ही अगली बार चेमो-सनेया गांव में ही वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनाया जाएगा। मौके पर संजय सिंह, विजय कुमार सिंह, संजय सिंह छोटू, उमा देवी, चैतु सिंह खरवार आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुलसी सिंह खरवार, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी को ले निकाला जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

रामनवमी पर्व को लेकर हर तरफ भगवा का माहौल हो गया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में भगवा ध्वज से पाट दिया गया। राम नवमी के अवसर पर संपूर्ण रामनवमी पूजा कमिट के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा के साथ मोटर साइकिल जुलूस सुबह प्रारम्भ हुआ। जो बाजार होते हुए सिंघिताली, मकरी, झगराखाड़ होते हुए बुका, चेरवाड़ीह, बनखेता, अरसली, सिंदुरिया, टाउनशिप, कैलान से होते हुए देवी धाम पहुंचकर मोटरसाइकिल जुलूस संपन्न हुआ। इस दौरान भगवा ध्वज लहराते हुए राम भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारों से क्षेत्र को राम नाम से गुंजायमान हो गया। मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल राम भक्तों ने पूरा रास्ता एक ही नारा एक ही राम जय श्रीराम जय श्रीराम, हर हर महादेव, जय हनुमान के जयघोष से वातावरण को झूठा। सभी राम भक्तों ने अपने मोटरसाइकिल पर भगवा ध्वज बांधकर निकले थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र कुमार चौबे ने किया। इस मौके पर गौरव सिंह, चमन सिंह, आशुतोषकुमार, मनु उपाध्याय, नीतीश गुप्ता, राजमोहन यादव, मंडल प्रमुख मधुसूदन पाठक, उज्वल जायसवाल, रवि शंकर गुप्ता,चंदनकुमार,अभिषेक कुमार उमेश कुमार, अगस्त कुमार चौबे, अमित कुमार, मनोज बैठ, लालन कुमार, रामकेश प्रजापति, वेद प्रकाशआर्य,ओम प्रकाश आर्य सहित कई लोग उपस्थित थे। भवनाथपुर देवी धाम संपूर्ण रामनवमी पूजा कमिटी, सूर्य मन्दिर पूजा कमिटी, अरसली दक्षिणी दुर्गा पूजा कमिटी, वनखेता पूजा कमिटी द्वारा राम भक्तों का जलपान की व्यवस्था की थी।

## बजरंग दल ने भगवा ध्वज के साथ निकाला भव्य बाइक जुलूस

**मंझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बजरंग दल मंझिआंव के शिव मंदिर कुटी पर के नागा बाबा के निर्देशन में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य बाइक रैली निकाला गया। बताते चलें कि बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों बाइक में भगवा ध्वज लगाकर जय श्री राम , हर हर महादेव उद्घोष के साथ शिव मंदिर कुटी पर से प्रारंभ कर कॉलेज गेट गाहिड़ी, मंझिआव बाजार, बकोइया आमर खजुरी होते हुए पुन शिव मंदिर कुटी पर जुलूस का समापन किया गया।

# एक करोड़ की लागत से होगा आदिवासी बालिका छात्रावास का जीर्णोद्धार : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला मुख्यालय स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास करजीर्णाद्धार करीब एक करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके लिए झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 98 लाख 40 हजार 900 रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बहुत जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झाररखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि आदिवासी बालिका छात्रावास काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। छात्रावास में रह रही छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्यायों को देखते हुए उन्होंने इस छात्रावास के वृहद जीर्णोद्धार की स्वीकृति दिलायी। मंत्री ठाकुर ने बताया कि आदिवासी बालिका छात्रावास जिर्णोद्धार कार्य के तहत छात्रावास के भवन की पूर्ण रूप से मरम्मति, बिजली, पेयजल, डीप बोर, बिजली व पानी का वायरिंग, रंग-रोगन आदि सभी कार्य किया जाएगा। इस छात्रावास का पूरी तरह कायाकल्प होगा। साथ ही बहुत जल्द ही आदिवासी बालक छात्रावास एवं अल्पसंख्यक छात्रावास का भी जीर्णाद्धार कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि छात्र-छात्राओं को किसी भी तरह की परेशानियो का सामना न करना पड़े, उनकी पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए झारखंड सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

# तीन लाभार्थी को मिला दो लाख का चेक

**नवीन मेल संवाददाता। बिशुनपुरा**

एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र बिशुनपुरा में मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाताधारक के असामयिक निधन होने पर उसके परिजनो को दो-दो लाख रुपए का चेक बीमा के रूप में दिया गया। एसबीआई के आरएम मनोज कुमार प्रसाद, ब्रांच मैनेजर संजय वर्मा, एफआई मैनेजर विवेकानंद गूलर, जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी, प्रमुख दीपा कुमारी, एवं सीएसपी संचालक मदन प्रासाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से तीन लाभुक मिना देवी, पार्वती देवी, विकास कुमार को बीमा के रूप में दो दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। आरएम मनोज कुमार प्रसाद ने बताया कि घटना होने पर अविलंब बैंक को सूचना दें ताकि बीमा का लाभ मिल सके। बैंक द्वारा लाभुकों की भविष्य सुरक्षा को लेकर इस योजना के अतिरिक्त अटल पेंशन योजना समेत कई योजना चलाई जा रही है। लाभुक इस योजना से जुड़कर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करें। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी एवं व्यवसायी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता में आरएम सर से आग्रह किया कि इतनी बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में एक एसबीआई की शाखा खोली जाए ताकि यहां और आस पास के ग्राहकों को सुविधा मिल सके। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि पुलस्त्य शुक्ल, विशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधी प्रवीण यादव, बीडीसी शांति देवी, संजय गुप्ता, शक्ति कुमार, सहित खाताधारक मौजूद हुए।

## भानु प्रताप ने हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में लिया भाग

**भवनाथपुर।** विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुका के अमोला टोला में नए मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक ने हनुमान जी का पूजा-पाठ कर क्षेत्र के जनता की शांति, सुख-समवृद्धि की कामना किया। मूर्ति स्थापना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। वहीं विधायक ने आर्थिक सहयोग कर श्रद्धालुओं को स्थापना कार्यक्रम में आर्थिक मदद किया। पंडित विक्रमा पाठक ने विधवत बैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हनुमान जी का मूर्ति स्थापना कराया। मौके पर पंचायत के मुखिया बेबी देवी, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, विस प्रभारी भगत दयानन्द यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, सबीता देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चिनीया में लगे बिजली बिल जमा शिविर में क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने 21,0000 की जमा



**चिनियां।** चिनियां में बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बिजली बिल जमा को लेकर शिविर का आयोजन किया गया, शिविर के माध्यम से 210000 रुपए की वसूली की गई। शिविर में क्षेत्र से आए सभी उपभोक्ताओं के द्वारा लाइन में लगकर बारी बारी से अपना अपना बिजली का बिल जमा किये। वहीं उपभोक्ताओं में बिजली बिल जमा को लेकर काफी खुशी देखी गई। जहां उपभोक्ताओं कि बिल जमा करने के लिए काफी भीड़ दिखाई दीए। वही बिजली विभाग के एसडीओ कामेश्वर ठाकुर ने बताया कि चिनियां प्रखंड में बिजली बिल जमा को लेकर प्रत्येक महीने के 28 तारीख को शिविर लगाया जाता है जिससे आम कनेक्शन धारियों के लिए यह काफी सुविधा है। जिससे सभी कनेक्शन धारी प्रत्येक महीने अपना-अपना बिजली बिल शिविर में पहुंचकर अपना बिजली बिल जमा कर सकते हैं। विभाग द्वारा इस तरह की सुविधा होने से किसी उपभोक्ताओं के ऊपर बिजली का बिल डियूज नहीं रहेगा बाकी जितने भी कनेक्शन धारी हैं बकाया बिजली बिल अपना-अपना जल्द से जल्द जमा करें।

विकास

### प्रशिक्षण के हर मानक को अब शिक्षा में दिखेगा असर

# शिक्षा नीति में हो रहे बदलावों को लेकर प्रबंधन गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी. एन. कॉन्वेंट +2 स्कूल में चल रहे इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का पाँचवा व अंतिम चरण सम्पन्न हुआ। सीबीएसई ग्राउड लाइन के आलोक में हो रहे कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक 'मदन प्केशरी, सचिव सुषमा केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती एवं भारत माता क चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। राष्ट्रगान के उपरांत नए सभागार में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि शिक्षा को बेहतर एवं समृद्ध बनाने के लिए प्रशिक्षण जरुरी हीं नहीं, अनिवार्य है। प्रशिक्षण प्राप्त कर ही हम बच्चों को समावेशी शिक्षा से लाभान्वित कर सकते हैं। वर्तमान समय में शिक्षा नीति में हो रहे बदलावों की लेकर विद्यालय प्रबंधन अत्यन्त ही गंभीर है। विद्यालय के हर विभाग को नए प्रौद्योगिकी के तहत जोड़ दिया गया है। इसके अंतर्गत प्रायः सभी वर्ग कक्षों को स्मार्ट क्लास में परिणत कर टीवी स्क्रीन से सुसज्जित कर अध्ययन अध्यापन कार्य शुरू है। विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, सामाजिक विज्ञान, पुस्तकालय एवं खेल कूद से संबंधित विभागों को वृहत पैमाने पर समृद्ध किया गया है ताकि किताबी ज्ञान साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को भी परिमार्जित किया जा सके। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन निरंतर प्रयासरत है। आज उसी का प्रतिफल है कि जिला स्तर पर विद्यालय अपनी छवि उत्तरोत्तर बढ़ा रहा है और इसकी गिनती अग्रणी विद्यालयों में हो रही है। इस विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएँ विभिन्न विभागों में अपनी कौशलता का परचम लहरा रहे हैं यह सकारात्मक प्रयास निरतंर जारी रहेगा ताकि निरंतर उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा बच्चों को मिल सके। रिसोर्स पर्सन के रूप में नीराशर्मा द्वारा इक्कीसवीं सदी का कौशल विकास विषय पर - विस्तृत रूप विचार व्यक्त किया गया। कौशल विकास से ही देश समृद्ध होगा। संजीव कुमार मे अपने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि समस्याओं के उचित समाधान हेतु उनका उचित आकलन आवश्यक है ताकि इनके प्रकृति के अनुसार समाधान सुनिश्चित हो सके। मुकेश कुमार भारती ने लाइफ- स्कील विषय पर अपना विचार रखते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों के साथ- साथ अपने जीवन कौशल को सजाया और साथ-साथ संवारा जा सकता है। खुर्शीद आलम ने कहा -कि एक अच्छे शिक्षक की पहचान, उसके द्वारा बनाए गए पाठय योजना के द्वारा होती है, वहीं नीलम कुमारी ने बच्चों की सुरक्षा पर वृहतरूप से प्रकाश डालते हुए कहा, वर्तमान समय में विभिन्न क्षेत्रों में जो बदलाव हो रहा है उससे बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। घूमने, खेलने, स्कूल जाने जैसी गतिविधियों पर अभिभावकों द्वारा सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है।

## विभाग व संवेदक की मिलीभगत से सरकारी राशि का हो रहा दुरपयोग



**भवनाथपुर।** पंडरिया में पीएमजेएसवाई विभाग से 26 लाख की लागत से बन रहे मरम्मत निर्माण में सम्बंधित विभाग व संवेदक की मिलिभग से सरकारी राशि को दुरपयोग किया जा रहा है। जिसमे संवेदक के द्वारा पथ मरम्मति के नाम पर निर्माणित पीसीसी पथ पर ही पिच किया जा रहा। जबकि इसी पंचायत में कई ऐसे जर्जर सड़क है जिसमे आज तक मिट्टी मोरम का भी कार्य नही हुआ है, जिसके चलते लोंगो को खासे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो दूसरी ओर पूर्व में बने सरकारी मद से चपरी सिवान से मेहता टोला होते पंडरिया स्कूल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर में पीसीसी निर्माण हुए अच्छे सड़क पर ही चार इंच पिच देकर कालीकरण निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने नाम नही छापने के शर्त ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय संवेदक होने के कारण हमलोग इसका खुलकर विरोध नही कर पा रहे है, परन्तु पीसीसी सड़क पर ही पिच बनाने से कोई फायदा नही है यह सिर्फ सरकारी राशी का दुरुपयोग हो रहा है।

# खरवार भोक्ता विकास समाज संघ ने मनाया शहादत दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** प्रखंड मुख्यालय स्थित कड़रका नदी के समीप मंगलवार को जंग-ए-आजादी के महानायक, झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलांबर पीतांबर की 165वां पुण्यतिथि पर शहादत समारोह का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। शहादत दिवस समारोह का आगाज सर्व प्रथम उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित व मालायार्पन कर उनकी शहादत को याद किया गया । इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, झारखंड जेनरल कामगार युनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझु, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, फुलचंद, गंझु, मुखिया राजिव भगत, केदार गंझु, कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश गंझू ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। वहीं कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझु ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन अमर शहीद नीलांबर पीतांबर को अंग्रेजी हुकूमत ने मौत की सजा दी गई थी। देश की आजादी के लिए शहीदों ने जंग छेड़ दी थी और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थ। 28 मार्च के दिन ही अंग्रेजों ने दोनों वीर महापुरुषों को फांसी दे दी थी। दोनों भाइयों की इस कुबार्नी की याद में शहादत समारोह का आयोजन किया गया है। वहीं थाना प्रभारी चौधरी ने कहा कि नीलाम्बर पीताम्बर की कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता. उन्होंने कहा कि इन्हीं शहीदों की कुबार्नी के कारण आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। मंच पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, जगदीश भोगता, कामेश्वर भोक्ता सहित कई अतिथियों शहीद वीरों पर रौशनी डाला। जबकि मंच का संचालन कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भोगता ने किया।

## विधायक ने मृतक के आश्रितों को दी आर्थिक मदद



**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने मंगलवार को कुटमू ग्राम के दो मजदूरों की दुर्घटना में हुई मौत के बाद उसके घर पहुंच कर परिजनों से मिलकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। जानकारी हो की पिछले दिनों कुटमू ग्राम के संतोषी सिंह के 21वर्षीय पुत्र छोटू सिंह व इसी ग्राम के देनी सिंह के 22 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र सिंह की आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा मेंकाम करने के दौरान लिफ्ट के टूट जाने से हुई दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई थी। घटना के बाद गांव में मातम का माहोल कायम है इसी बीच विधायक रामचंद्र सिंह ने मंगलवार को मृतक के परिजनों से उसके आवास में मिलकर शोक व्यक्त करते हुई शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में उनके साथ रहने की बात कही। विधायक सिंह ने इस दौरान विजयवाड़ा के प्लांट के कंपनी से बात की. मुआवजा की राशि को अविलंब भुगतान करने की बात कही. वहीं प्लांट संचालक के द्वारा यह भरोसा दिलाया गया कि जल्द ही मुआवजा का भुगतान कर दिया जाएगा। विधायक ने इस दौरान दोनों मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहयोग भी किया वही हर संभव मदद का आश्वासन दियाद्ध इस दौरान मृतक के पिता समेत गांव के कई लोग उपस्थित थे।

## जहर खाने से महिला की हुई मौत

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को टंडवा थाना क्षेत्र के राहम गांव निवासी 26 वर्षिया बबिता देवी पति विनोद पांसी की मौत जहर खाने से हो गई। बताया गया कि मृतका दो बच्चे की मां है और पारिवारिक विवाद में जहर खा लिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जबकि समाचार लिखे जाने तक महिला के परिजनों द्वारा लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। मामले में इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों से प्राप्त शिकायत के आलोक में समुचित कार्रवाई की जाएगी।

## इंदिरा गांधी आवासीय स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**चतरा।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में संचालीत इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस दौरान उत्तर पुस्तिका ठचानुसार अभिभावकों को दिखाया गया। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों में लक्ष्मी कुमारी स्कूल टॉपर एवं साहिल कुमार द्वितीय और चंदन कुमार को तृतीय को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत भी किया गया। जबकि सबसे अधिक उपस्थिति के लिए प्रिंस कुमार को सम्मानित किया गया।

## चैती दुर्गापूजा को लेकर निकाली शोभा यात्रा

**इटखोरी।** मंगलवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत सोनिया, बलिया व एरकी सिलाड़ अवस्थित चोपिया बागी में चौती दुर्गा पूजा के सप्तमी तिथि पर कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। चोपिया बागी से निकली शोभा यात्रा माता भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने नदी पहुंची। जहा विधि विधानर्पूवक कलशो में जल भरा गया। इसके बाद पुनः कलश लेकर कलशधारी चोपिया बागी पहुंचा। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि झारखंड के प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ. अभिषेक कुमार रामाधीन व जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी शामिल थे। इस दौरान डॉ. अभिषेक ने बताया गया कि हम सभी भगवान के द्वारा बनाए गए एक पुतले के समान हैं। मैने आज जीस मुकाम पर हूं वो भगवान का व माता-पिता का वरदान है। जब भी में सर्जरी करता हूं माता का आशिर्वाद जरूर लेता हूं। डॉ. अभिषेक के द्वारा चौती दुर्गा पूजा समिति को मंडप के लिए टाइल्स व मार्बल के लिए एक लाख रु का सहयोग राशि भी प्रदान किया। .डॉ. अभिषेक का पैतृक गांव चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत सोनिया गांव में पड़ता है।

### लेवी को लेकर छोटू खेरवार के दस्ते ने घटना को दिया अंजाम

# माओवादियों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी को पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बराही गांव में सोमवार रात लगभग 11 बजे अनिल उरांव के घर पर सोये हुए मुंशी संजू पाडये ( 45 ) को माओवादियों ने जगाकर बराही नदी पुल के साइड में लाकर पिटाई किया। इसकी जानकारी नेतरहाट थाना को दी गई, घायल मुंशी संजू पाडये को रात में इलाज के लिए महुआडांड़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर रेफर किया गया, बताया जा रहा है, इस घटना को छोटू खेरवार के दस्ते ने अंजाम दिया है।



### सुबह घटनास्थल पर पहुंचे नेतरहाट थाना प्रभारी

नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत दल बल के साथ मंगलवार सुबह बराही नदी पुल साइट में पहुंचे. घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरो से पूरी घटना की जानकारी लिया, वही थाना प्रभारी श्री भगत ने माओवादियों ने मारपीट की घटना को लेवी के लिए अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया है।

### मजदूरों ने बताया हाथ पैर बांधकर मुंशी को पीटा

मिनी कंस्ट्रक्शन के द्वारा एस एच नौ पथ बांसकरचा से कुडो मोड़ तक हो रहे सड़क निर्माण अंतर्गत बराही नदी में बन रहे पूल कार्य में लगें मजदूरो ने बताया रात्रि में 10-12 की संख्या में नक्सली पंहुचे हम चार मजदूर और मिस्त्री साइड पर थे, दो लोग हमारे पास आये, हम लोगों का मोबाइल मांग कर लिया फिर, मुंशी का नाम व पता पुछ, बराही जाकर डेरा में सो रहे मुंशी संजू पाण्डेय को साइट में लाकर हाथ बांधकर डंडे से बेरहमी से पिटाई किया, कहा दो दिनों के अंदर ठेकेदार को लेवी देने कहो, जब तक लेवी नहीं मिलता, तब तक काम बंद रखने की धमकी भी दिया गया है, ये कहते हुए हम लोगों के मोबाइल वापस कर कहा कि बांसकरचा प्लांट में जिस तरह से आग लगाये थे, वैसे ही करना होगा? कहते हुए वापस करम खाड़ जंगल की ओर निकल गये।

### मामला : हादसे में पिता-पुत्र के इलाज के लिए

## मुआवजे को लेकर कर्मचारी संघ ने प्लांट का मुख्य गेट किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** सोमवार को अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के समीप हुए सडक हादसे के शिकार हुए पिता-पुत्र के इलाज और उचित मुआवजे की मांग को लेकर मैन पॉवर कर्मचारी संघ ने प्लांट के मेन गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। कम्पनी के बीसी साहू से वार्ता की। वार्ता के बाद कंपनी के द्वारा घायल के परिजनों को एक लाख रुपया दिया गया तथा इलाज का पुरा खर्च भी वहन करने की लिखित जिम्मेवारी भी ली। इसके बाद संघ ने जाम हटाया। बता दे कि आदित्य मांझी अपने पुत्र रौशन मांझी को बाइक से लेकर चंदवा आ रहे थे इसी क्रम मे अभिजीत ग्रुप प्लांट के समीप प्लांट के अंदर काम करने वाले हाइड्रा ने बाइक को अपनी चपेट मे ले लिया जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। हादसे मे रौशन का एक पैर बुरी तरह पीस गया। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, कौलेश्वर राम, संजीव, पीड़ित के परिजन समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे। बताया जाता है की आदित्य मांझी प्लांट में ही कार्य करने वाला मैनपावर का कर्मचारी है।

## विधायक ने किया शहीद नीलांबर पितांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के देशवारी खरवार समाज के लोगों के द्वारा मंलवार को रुद मूर्तियां गांव में शहीद नीलांबर पितांबर का शहादत दिवस मनाया गया। देशवारी खरवार समाज के निलांबर पितांबर स्मारक समिति चंदवा। लातेहार जिला के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस अवसर पर बड़ी संख्या में देशवारी खरवार समाज के लोग शहादत समारोह में शामिल हुए। सर्वप्रथम शहीद निलांबर पितांबर की प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक रूप से पूजा पाठ कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक बैधनाथ राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को इन वीर शहीदों के बलिदान को याद कर इनके किये गए कार्य को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है आज भी शहिद नीलांबर पीतांबर की जीवनी अनुकरणीय है।

## शहीद नीलांबर-पितांबर का मना शहादत दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** खरवार भोगता समाज विकास संघ चतरा जिला समिति के तत्वावधान में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर का 64वां शहादत दिवस जिला मुख्यालय में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य के केबीनेट मंत्री रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता, भोगता समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रजवलीत कर किया। समारोह में पहुंचे अतिथियों का परम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा सांसद रहे न रहे हम आपलोग के बीच आते रहेंगे। आप सभी दिल्ली बार-बार आते थे, आज हमे खुशी है मैं आपके बीच हूं। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहां आज आपके बीच आकर मुझे खुशी है। जब हम जनजाति आयोग में अध्यक्ष थे तब पूरे भोगता गांवों में जाकर जमीनी स्तर पर सर्वे करके पार्लियामेंट भेजा और भेजने के बाद भी आदिवासी बनने में काफी लेट हुई। जिस तरह नीलांबर पीतांबर को पकड़ाने में हमारे ही बीच लोग ने सहयोग किया और आदिवासी बनने में भी हमारे बीच के लोग ही रोक कर रखा। लेकिन सचाई को झूठलाया नही जा सकता। इतिहास गवाह है। आज भोगता जाति को उग्रवादी के नाम पर झूठ मुकदमा में फसाया जा रहा है। यह ठिक नही हो रहा है। इस गंभीर विषय पर प्रशासन को आवगत करते हुए रोक लगाने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, केंद्रीय उपाध्यक्ष रमन गंझू, जयशंकर पाठक, सचिंदानाद चौधरी, जिप सदस्य चंद्र देव गोप, निशा कुमारी, जगदीश सिंह भोगता, विजय कुमार गंझू, कामेश्वर भोगता,। रंजित भोगता आदि मौजूद थे।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा

समग्र शिक्षा अभियान, जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401

दूरभाष: (06541) 253924 इमेल-chatrajepc@ymail.com

### आम सूचना

विज्ञापन संख्या 1264 दिनांक 02.12.2022 एवं विज्ञापन संख्या 49 दिनांक 10.01.2023 के माध्यम से चतरा जिला अन्तर्गत संचालित सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शिक्षिकाओं/शिक्षकेत्तर कर्मियों का लघुकालीन संविदा पर चयन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन के आलोक में चयन समिति द्वारा अन्तर्वीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि की जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है। शिक्षिका के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि 03.04.2023 को एवं लेखापाल-सह-कम्प्युटर ऑपरेटर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 05.04.2023 को विकास भवन, चतरा के समागार में समय 11:00 बजे पूर्वाहन में अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर अन्तर्वीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यकम पदाधिकारी, झा०शि०प०, चतरा

PR 293726 Jharkhand Education Project Council (22-23)_D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

e-Procurement Notice

e-Tender Ref No- 19/ RCD/Daltonganj/2022-23/ 345 Dated:-25.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Widening & Reconstruction of Kuti More (Chainpur) to Huta r Via Ramgarh Block Head Quarter (Total Length- 24.100 Km) Job No.- CRF-JHR-2022-23/6 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 77,99,38,000.00 (Rupees Seventy Seven Crores Ninety Nine Lacs Thirty Eight Thousand) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 77,99,500.00 (Rupees Seventy Seven Lac Ninety Nine Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 24 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 18.04.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 09.05.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 11.05.2023, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 28.04.2023, 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chairman , e -Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi. |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj 06562-225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.293634 Road(22-23):D

## झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय,लातेहार।
भर्ती कैम्प दिनांक : 01.04.2023

### सूचना

जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 01.04.2023 को लातेहार पब्लिक स्कूल के परिसर के सामने मैदान में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 02:00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें लातेहार पब्लिक स्कूल, लातेहार के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत है :-

| S. No. | Name of Company | Name of Post | Qualification | Gender | Pay Scale | No. of Post | Age | Others Benefits |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लातेहार पब्लिक स्कूल, लातेहार | Assistant Teacher(Hindi) | M.A./B.Ed. | Male + Female | 12K-15000K | 04 | 25+ | - |
| | | Assistant Teacher(English) | M.A./B.Ed. | | 12K-15000K | 04 | 25+ | - |
| | | Computer Teacher | BCA/MCA/BE/B.Tech | | 12K-15000K | 02 | 25+ | - |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, रोजगार निबंधन कार्ड एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र (Private Sector) की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड-19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, लातेहार।

PR 293753 Labour Employment and Traning(22-23)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

e-Procurement Notice

e-Tender Ref No- 17/ RCD/Daltonganj/2022-23/346 Dated:-25.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Panki Chowk to Chandrapura More Via Main Market, Bas Stand, High School Road of Ordinary Repair for the year 2022-23. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 65,00,000.00 (Rupees Sixty Five Lacs) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,30,000.00 (Rupees One Lac Thirty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 02 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 10.04.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 25.04.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 27.04.2023, 15:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bidopening | 28.04.2023, 12:30 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chief Engineer (Com.)Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004 |
| 10. | Name & address ofofficer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562&225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 293630 Road(22-23).D


**हौसला अफजाई** — मूरत यादव शिशु मंदिर वार्षिक परीक्षा फल कार्यक्रम में उप प्रमुख बोले

# स्कूल मंदिर के समान है व शिक्षक ईश्वर तुल्य है

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत संचालित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा फल की घोषणा की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड उपप्रमुख कामेश्वर राम विशिष्ट अतिथि रामनाथ सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए वंदना की गई। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों का हौसला अफजाई कर उन्हें शिक्षा, गुरु, विद्यालय का अर्थ बताते हुए कहा कि विद्यालय मंदिर है और गुरु इस्वर तुल्य होते हैं सदा ही गुरु का सम्मान करें ।शिक्षा ही सफलता का कुंजी है इसलिए पूर्ण लगन के साथ पढें। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे हमेशा मैट्रिक हो या इंटर हो फर्स्ट आते रहे हैं टॉप कर उच्च स्थान स्थान प्राप्त करते हैं। इसलिए इस विद्यालय के उत्थान के लिए जब भी हमारी जरूरत पड़े मैं सदा साथ देने की बात कही। मौके पर अतिथि रामनाथ सिंह दशरथ पासवान शैलेश सिंह एवं निर्मल सिन्हा आदि लोगों ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक गुप्ता ने की। जिसके बाद वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए अरुण वर्ग से अष्टम वर्ग के कुल 200 बच्चे शामिल हुए। जिसमें विद्यालय का सत प्रतिशत परीक्षाफल रहा। अष्टम वर्ग के प्रथम प्रियांशु कुमार, द्वितीय छोटी कुमारी, तृतीय उमा शंकर कुमार रहे। वही सप्तम वर्ग में सुरेश कुमार प्रथम षष्ठ वर्ग में रुनझुन कुमारी प्रथम पंचम वर्ग में सक्षम कुमार प्रथम चतुर्थ वर्ग में मिस्त्री कुमारी प्रथम तृतीय वर्ग में रोशन कुमार प्रथम एवं द्वितीय वर्ग में राहुल उरांव कक्षा प्रथम वर्ग में ऋषभ राज कुमार प्रथम कक्षा उदय में तेजस्विनी कुमार तो कक्षा अरुण में श्रेयांस कुमार प्रथम रहे. कक्षा अरुण से अष्ट वर्क तक द्वितीय तृतीय स्थान में कुल 30 विद्यार्थी अवल रहें। जिन्हें मंचासीन उप प्रमुख एवं अतिथियों द्वारा अंकपत्र के साथ प्रोत्साहन स्वरूप उपहार कलम टिफिन बॉक्स इत्यादि दिया गया ।इस दौरान अतिथि रामनाथ सिंह, दशरथ पासवान, शैलेश सिंह सहित कई अतिथियों ने बच्चों को आशीष वचन देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे जितेंद्र लाल,ब्रह्मदेव राम, संतोष यादव, पंकज सिन्हा ,अजीत कुमार (प्रेस) के अलावे अभिभावक व प्रधानाचार्य अवनिकान्त पाठक शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता, ब्रज भूषण पाठक, रविंद्र कुमार,राकेश मीनिंग, शिक्षिका निहारिका मिश्रा, अनीता देवी ,आरती देवी ,सुषमा कुमारी आदि के अलावे विद्यालय के भैया भवन उपस्थित रहे।

NEWS इन ब्रीफ

## ठेठईटांगर में पुलिस ने अवैध शराब सहित भट्ठियों को किया नष्ट

**ठेठईटांगर।** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पर्व में विधि व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर जरूरी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ठेठईटांगर में अवैध शराब कारोबार पर पुलिस ने नकेल कसना शुरू कर दी है। मंगलवार को ठेठईटांगर पुलिस टीम ने महुआ की अवैध देसी शराब कारोबार ठिकानों पर सघन रूप से छापामारी का अभियान चलाया। अभियान थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश के नेतृत्व में चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान कई किलो जावा महुआ, कई लीटर महुआ की देसी शराब नष्ट किया गया। मौके पर बरामद किया गया शराब बनाने का उपकरण को भी नष्ट किया गया। वहीं पुलिस के द्वारा कार्यवाही किए जाने की खबर फैलने के साथ ही अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का किया आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय अस्पताल बोलबा में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन। इस मौके पर बताया गया कि बोलबा स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया एवं टीबी की जांच, बीपी सुगर की जांच, आंख की जांच एवं मातृत्व स्वास्थ्य का लाभ दिया जा रहा है। वहीं आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उत्साह मिंज ने कहा कि आज भी हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लोग देसी जड़ी बूटियों झाड़-फूंक पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस अंधविश्वास से बाहर निकलकर अस्पताल में जाकर अपनी बीमारी का इलाज कराएं। मौके पर डॉ भुटिया, डॉ मो0 दानिश, डॉ रंजीत, बीपीओ मनमोहन गोस्वामी, अन्य लोग मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटे जरूरत के समान

**गुमला।** गुमला जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र जोरी तथा बनारी में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार और सीआरपीएफ महानिदेशालय के निर्देशानुसार 158 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2022-23 के अंतिम चरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट-158 बटालियन द्वारा ग्रामवासियों को जरूरतानुसार निःशुल्क कंबल, रेडियो, फर्टिलाइजर, सीड्स, स्पोर्ट्स आइटम, स्टडी मैटेरियल वितरित किया गया। वहां उपस्थित तमाम ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम को राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट-158 बटालियन सीआरपीएफ की देखरेख में सम्पन्न किया गया।

# कैरो में पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा का एहसास दिलाया



### शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं रामनवमी पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द माहौल में मनाने के लिए मंगलवार को कैरो थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाली। सीओ कमलेश उरांव,बीडीओ पवन कुमार महतो, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, एसआई हरिऔध करमाली, एएसआई संजय कुमार राय, देवनाथ मरांडी,बर्मा उरांव व पुलिस बल के जवानों के साथ में निकली फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से शुरू होकर नवाटोली एडादोंन होते हुए सढाबे तक गई पहुंची। इसके बाद फ्लैग मार्च नगजुआ गई जो खंडा,उत्का होते हुए फिर थाना परिसर में आकर समाप्त किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने आम लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। रामनवमी पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी फैलाने का कोशिश करेगा तो बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति बनाए रखें, अगर कोई अप्रिय स्थित सामने आती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस आम लोगों के सुरक्षा में सदैव तत्पर है। रामनवमी पूजा के दौरान विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। किसी तरह के अफवाह मे ना पड़े। सरहुल और रामनवमी पर्व के दौरान गांव में निकाले जाने वाले जुलूस को अपने निर्धारित मार्ग में ही लेकर जाएं। जुलूस के दौरान किसी तरह का भड़काऊ और आपत्तिजनक गाना या नारा ना लगाएं। जुलूस में हमेशा अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रयोग करें डीजे साउंड लगाने या उसे अत्यधिक तीव्र आवाज में ना बजाएं। जुलूस में किसी तरह के प्रतिबंधित अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन ना करें ना तो अपने नाबालिक बच्चों को करने दें। जुलूस में नशा का सेवन कर ना शामिल हो। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की मदद करें। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर खासतौर से प्रशासन की पैनी नजर है। त्यौहार में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। ऐसे व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा पर्व त्योहारों को भाईचारे के माहौल में शांतिपूर्वक मनाने का प्रशासन को भरोसा दिया।

## सेन्हा में चैत्र शुक्ल सप्तमी पर धूमधाम से निकाला जुलूस

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में रामनवमी के मेला आयोजित करने को लेकर मंगलवार को सुबह ग्रामीण राम भक्तो द्वारा चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर अपने अपने घरों में विधिव हनुमानजी का पूजन कर जुलूस निकाला गया। जुलूस मन्हे, साइटोली, गढकस्मार, तुरियाडिह, फतेहपुर, नवाडीह, आरा, जामुनटोली, बगालटोली, टेतरटोली कदमटोली, उरु, साके, चटकपुर का भ्रमण करते हुए अपने गंतव्य जगह बाजार डांडू वापस आया। 1970 ईसवी से बाजार डाँडू में मेला लगाया जा रहा है। जिसमें पूर्व परम्परा के अनुसार सप्तमी के दिन से ही रामनवमी मेला का जुलूस भ्रमण करता है। जुलूस में पारंपरिक हथियार, ढोल, नगाड़ा, डीजे, बैंड और महावीरी झंडा लेकर नाचते हुए लोग घूमते हैं। लाठी, डंडा, भला,तलवार का भी खेल प्रदर्शन किया जाता है। जुलूस भ्रमण करते हुए आगे बढ़ता है। वैसे ही काफिला भी बढ़ते जाता है। वही जगह जगह ग्रामीणों द्वारा जुलूस में भ्रमण करने वाले भक्तो का गुड़, चना, सरबत देकर स्वागत किया जाता है। ग्रामीणो द्वारा बताया जाता है। कि प्रत्येक वर्ष मेला आयोजन को लेकर सप्तमी के दिन से रामनवमी का जुलूस भ्रमण करता है। जिसे जुलूस जहां-जहां भ्रमण करते हुए जाता है। वहां से लोग नवमी को बाजार डांडू में मेला के लिये आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मेला लगाने का यह निमंत्रण देने का पारंपरिक सौहार्द है। मेला प्रारम्भ से ही प्रत्येक वर्ष शांति, सौहार्द व भाईचारगी से बाजार डांडू में सम्पन्न होते आ रहा है। वही मेला में दूर-दूर से भी लोग खिलौना, मिठाई व अन्य चीजों का दुकान लेकर आते हैं। मेला का लुफ्त उठाते हैं।

## रामनवमी को ले किया जनसंपर्क और फ्लैग मार्च



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो, कुम्हरिया अम्बाटोली तथा भंडरा में सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में जनसंपर्क एवं फ्लैग मार्च किया गया। सीओ ने बताया कि रामनवमी को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फ्लेग मार्च किया गया। मौके पर लोगों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की सलाह दी गई। इस क्रम में स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि धनराज थाना क्षेत्र का सांप्रदायिक माहौल हमेशा से सद्भावना पूर्व रहा है इस सद्भावना पूर्ण माहौल को हमेशा बनाए रखा जाएगा समाज में शांति भंग करने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अशांति फैलाने का प्रयास करने वालों की नही चलेगी। इस तरह का कोई प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासनिक पदाधिकारियों को दी जाएगी। इस दौरान एएसआई लव कुश सिंह सहित काफी संख्या पुलिस बल मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की खनन टास्क फोर्स की बैठक, दिया निर्देश

# अवैध ईंट-भट्ठों के संचालन के विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा खनन पदाधिकारी के ओर से अवैध इंट-भट्ठों के संचालन के विरूद्ध कार्रवाई, अवैध रूप से बालू उठाव/परिवहन पर कार्रवाई, अवैध रूप से पत्थर का खनन करनेवालों के विरूद्ध कार्रवाई की समीक्षा की। सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को पंचायत स्तरीय बालू घाटों को प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। साथ ही, निदेश दिया गया कि पंचायत स्तरीय बालू घाट से निकाले गये बालू का व्यवसायिक उपयोग ना हो। बैठक में बालू के स्टॉक की भी समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी सेन्हा/ कैरो/ भंडरा/ किस्को समेत अन्य उपस्थित थे।

## यूनिफाइड कमांड की बैठक




**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई। बैठक में आरईओ, लोहरदगा को सनई-हपात पथ अधूरे कार्य को पूर्ण किये जाने, पाखर में पथ का निर्माण से संबंधित, पेशरार में बाधित विद्युत आपूर्ति को बहाल करने संबंधित निदेश दिए गए। पेशरार के 150 घरों में सौर ऊर्जा व स्ट्रीट लाइट की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निदेशों की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस०, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, ए०एस०पी० अभियान दीपक पांडेय, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) की बैठक

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत निबंधित कुल 4430 छात्र-छात्राओं का योजना का लाभ दिये जाने हेतु प्रस्तावित सूची को अनुमोदित किया गया। ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकृत दो संस्थानों नदिया प्लस टू हिंदू उच्च विद्यालय,लोहरदगा और कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय,लोहरदगा को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए संस्थान के रूप में अनुमोदित किया गया। इसी प्रकार पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुमोदित संस्थानों से छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदित 364 छात्र-छात्राओं के सूची को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

### रामनवमी के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# पहले दिन युवाओं ने अपने खेल और करतब का किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
रामनवमी के अवसर पर सिमडेगा में चार दिवसीय कार्यक्रम का सोमवार संध्या शुभारंभ किया गया। रामनवमी प्रबंधन समिति महावीर मंडल के बैनर तले चार दिनों तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पहले दिन सोमवार संध्या वादन, अखाड़ा एवं गोहार गेम का आयोजन किया गया। वहीं 28 मार्च कि संध्या शो गेम का आयोजन किया जाएगा। जिसके पश्चात 29 मार्च को विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा भव्य और आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी। वहीं 30 मार्च को रामनवमी के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म को मानने वाले लोग इस शोभायात्रा में शामिल होंगे। जिसमें विभिन्न अखाड़ा समिति के लोग विशाल महावीरी ध्वजा के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए नगर भ्रमण कर पुनः निर्धारित स्थल महावीर चौक पहुंचेंगे। पहले दिन कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम बजरंगबली की पूजन और आरती के पश्चात किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदर बीडीओ अजय रजक, सीओ प्रताप मिंज, एसडीपीओ डेविड ए डॉडराय, सदर थाना प्रभारी रवि प्रकाश, संरक्षक डीडी सिंह, अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी द्वारा पूजन के पश्चात विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से शहर गुंजायमान रहा।

जिसके बाद अतिथियों का रामनवमी प्रबंधन समिति के संरक्षक डीडी सिंह, अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात वादन, अखाड़ा और गोहार गेम की प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया। जिसमें 11 अखाड़ा समिति द्वारा अपने-अपने खेल और करतब प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान अखाड़ा समिति के युवाओं का उत्साह चरम पर था। पूरे प्रदर्शन के दौरान दर्शकों की भीड़ से परिक्षेत्र भरा रहा। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका अरविंद कुमार, लहरु सिंह, नैनी बाई ने निभाई। इधर आयोजन के दौरान प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही रामनवमी प्रबंधन समिति के लोग पूरी मुस्तैदी के साथ दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करते रहे। मौके पर मुख्य रूप से रामनवमी प्रबंधन समिति के संरक्षक डीडी सिंह, श्याम लाल शर्मा, अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, संजय शर्मा, राजकुमार गुप्ता, अनूप केशरी, हरि सिंह, संजय ठाकुर, दीपक अग्रवाल, मुकेश कुमार बरनवाल, विकास वर्मा, नरेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### वन जागरूकता शिविर आयोजित, डीएफओ ने कहा

# जंगल में आग बुझाने में सक्रिय भागीदारी निभायें ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
वन विभाग द्वारा मंगलवार को तुरियाडीह वन परिसर के रानीगंज बाजार बगीचा में वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद पठारी गांव के ग्रामीणों ने जंगल में किसी हाल पर आग नहीं लगने देने में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने का भरोसा दिलाया। आग लगने पर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को देने की अपील किया गया। आग लगने पर फायर ब्लोअर समेत तात्कालिक देशज उपाय करने की तकनीक ग्रामीणों को बताया गया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि, मार्च-अप्रैल मई माह में लोग अज्ञानता से जंगल में आग लगा देते हैं। जंगल में आग लगने से बड़ी क्षति होती है इससे हरे खड़े बड़े पेड़ सूख जाते हैं। जंगल की भूमि में सतही नमी सुख जाने से पौधे नष्ट होने लगते हैं। आग से झुलस कर जंगल को गंभीर क्षति होती है। जंगल में रहने वाले छोटे बड़े सैकड़ों कीट जंगल के विकास में किसान की भूमिका में होते हैं जो जलकर नष्ट हो जाते हैं। हर हाल में जागरूक होकर जंगल को आग से बचाने की जरूरत है। डीएफओ ने कहा कि जंगल में आग लगने के बाद उसे बुझाने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले ग्रामीण को नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। अब तक सैकड़ों ग्रामीणों को उनके खाते में नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया है। आग लगने की घटना होने पर ग्रामीण सूचना देने के साथ तत्काल उसे बुझाने का भी प्रयास करें। ग्रामीण सरकार के ऐप से भी अपने मोबाइल से जोड़ना सुनिश्चित करें। इससे जंगल में आग लगने पर तत्काल उन्हें जानकारी होगी और आग बुझाने की तकनीक और मार्गदर्शन भी मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पठारी गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न हो गया। सुबह करीब 05 बजकर 55 मिनट पर सूर्योदय होने के साथ ही अर्घ्यदान का क्रम आरंभ हो गया। इसके बाद व्रती व उनके स्वजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद के लिए और शहर समाज व देश के हित की कामना की। इससे पहले मंगलवार की अहले सुबह से ही श्रद्धालु विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। वहीं शहर के विभिन्न भागों में लोगों ने अपने घर की छत पर ही व्रत का पूजन किए और सूर्य देव को प्रणाम कर वरदान मांगा। जलकुंडों में बांस से बने सूप में नारियल, मौसमी फल तथा अन्य पूजन सामग्री लिए पानी में खड़े होकर व्रतियों ने प्रकृति के ऊर्जा के सबसे स्त्रोत सूर्य की उपासना की। व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया तथा सूर्य देव से मन्नत मांगी। आस्था का यह महापर्व साल में दो बार कार्तिक माह एवं चैत्र माह में मनाया जाता है। छठ पूजा मुख्य रूप से भगवान सूर्य की उपासना है। यह पर्व नहाय खाय से आरंभ होकर चार दिनों तक चलता है। प्रातः कालीन सूर्य को अर्घ्य देकर इस व्रत का पारण होता है। इधर एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर पूजा के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था हर छठ घाटों पर तैनात रही।

## कोलेबिरा के जलाशयों में व्रतियों ने उगते सूर्य को दिया अर्ध्य

कोलेबिरा में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मंगलवार को संपन्न हो गया। आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर पूरे कोलेबिरा में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। चार दिनों का महापर्व नहाय खाय से शुरू होकर मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने और पंडित नवीन पंडा के मंत्रोचार और विधि पूर्वक पूजा पाठ करने के साथ ही संपन्न हो गया।

### उड़े होश | भारी भरकम बिल आने के भय से सो नही पा रहे हैं ग्रामीण, सुजान मुंडा ने कहा

# बिजली विभाग के खिलाफ करेंगे उग्र आंदोलन



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के केलुगा, मयोमडेगा, तुरूपडेगा, बाड़ीबृंगा, तितलिंग, खरवागड़ा, गट्टीगड़ा आदि गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग द्वारा भेजे गए भारी भरकम बिल के विरोध में बैठक किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा ने कहा कि ये बिजली विभाग का सरासर अन्याय है एवं गरीबो का शोषण है। सुजान मुण्डा ने कहा कि गाँव वाले बमुश्किल एक या दो बल्ब जलाते हैं एवं ज्यादातर गांव में बिजली कई दिनों तक नदारत रहती है बावजूद इसके इतना भारी बिल भेजना बिजली विभाग द्वारा गरीब का शोषण है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया कई ग्रामीणों के बिजली बिल 15 हजार से 24 हजार रुपये तक है ऐसे में ये गरीब ग्रामीण बिल का भुगतान कैसे करेंगे। सुजान मुण्डा ने कहा कि बिजली बिल में अविलंब सुधार किया जाए एवं जो वास्तविक बिल है उसे ग्रामीणों को दिया जाए जिसका भुगतान करने के लिए ग्रामीण तैयार हैं अगर बिजली विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नही करती है एवं एक महीने के अंदर बिल में सुधार नही किया जाता है तो विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जएगा। सुजान मुण्डा ने कहा कि इस विषय मे वरीय अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा एवं ग्रामीणों की समस्या के लिए उनके स्तर से हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मामले को उन्होंने खूंटी सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के समक्ष रखने की बात कही।

## कई लोगों को एक नाम से मिले दो बिजली बिल

**ग्रामीणों** द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग द्वारा लापरवाही की हद करते हुए एक ही व्यक्ति के नाम से दो बिजली बिल भेजा गया है। मयोमडेगा निवासी अनिता तोपनो ने कहा कि उनके ससुर के ही दो नाम सुमन लुगुन के 68245 रु एवं सुमन मुण्डा के नाम पर 15354 रु का बिल भेजा गया है जबकि मंजीत लुगुन के नाम पर भी 9424 एवं 21656 का बिल भेजा गया है जबकि ऐसा ही मामला अन्य कई ग्रामीणों के साथ भी हुआ है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उनका अभी तक एक भी बिल नही आया है किंतु अन्य ग्रामीणों के बिल को देखकर उनकी नींद उड़ी हुई है उनका कहना है कि अगर उनका भी बिल इस प्रकार आया तो कहां से चुका पाएंगे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि इतना भारी बिल का भुगतान करना उनके लिए संभव नही है कई ग्रामीणों को भय है कि बिल का भुगतान करने के लिए कहीं उनकी जमीन जगह न बिक जाए।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि बिजली बिल को पुनः सुधार करते हुए सही बिल भेजा जाए अन्यथा प्रखंड से लेकर जिला तक आंदोलन किया जाएगा। मौके पर सुदर्शन लुगुन,अयजुब लुगुन, विजय लुगुन, पौलुस समद, अनिता तोपनो, अगस्ति लुगुन, सबीना लुगुन, मनभरण सिंह, सागेन तोपनो, प्रभुसहाय कंडुलना, उम्बलन लुगुन, क्रिस्टोफर तोपनो सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# चैनपुर में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, प्रमुख ओलिवा कांता कुजूर एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ राजमोहन खलखो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार कल्याणकारी व्यवस्था में शिक्षा व स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखती है। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करेंगे। इसी को देखते हुए आज यहां स्वास्थ्य मेला का लगाया गया है। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रमुख ओलिवा कांता कुजूर ने कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। जिसके बाद बीडीओ, प्रमुख एवं चिकित्सा प्रभारी द्वारा स्वास्थ्य मेला में लगे सभी स्टोलों का बारी-बारी से निरीक्षण करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही साथिया किट का वितरण किया गया। मेले में सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया। मौके पर चिकित्सा सेवा टीकाकरण जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

ज्ञान की बात

मानव शरीर की इस सांतता में भी मुझे अपनी अनंतता का बोध है। कृष्ण बोले, मैंने प्रकृति द्वारा निर्मित यह शरीर अवश्य धारण किया है, किंतु मैं इस शरीर में नहीं, आत्मा में निवास करता हूं। संसार के सारे भोग प्रकृति द्वारा निर्मित मेरे यह शरीर भोगता है, मैं इससे मुक्त हूं क्योंकि मैं यह शरीर नहीं हूं।
– ठाकुर जी

# विकास का आईना हैं सड़कें

**झारखंड** में सड़क दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है। इसके पीछे सड़क की जर्जर स्थिति भी कम दोषी नहीं नहीं है। यह देखा जाता है कि सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण देते हैं। अधिसंख्य गड्ढे सड़कों के किनारे केबल कंपनियों और ठेकेदारों के कारण बने हुए हैं। वहीं सड़क पर हो रहे काम के लिए सावधानी के लिए संकेतक बनाने या लोगों को दुर्घटना से बचाने को लेकर कोई चिन्ता नहीं की जाती है। ऐसे में केबल और पाइप लाइन बिछाने के लिए मानदंड तय होने चाहिए। साथ ही नयी तकनीक का सहारा लेने की जरूरत है। साथ ही सीसीटीवी का सहारा लेने की जरूरत है। हालांकि ऐसी बात भी नहीं है कि इसका उपयोग नहीं होता है। इसके बावजूद सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि यहां की सड़कों की बनावट और बसावट को ध्यान में नहीं रखा गया है। यह एक बड़ी समस्या है। बहरहाल पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड को 9400 करोड़ से अधिक की सौगात दी। जिससे 21 सड़क परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया गया। बिरसा मुंडा की धरती पर अगर इन्हें सही तरीके से जमीन पर उतारा जाये तो इसके दिन फिरने से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह देखा गया है कि झारखंड में 3 वर्षों में 5736 सड़क दुर्घटनायें हुई हैं। जिसमें 4291 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए लोकसभा में रांची सांसद ने एक सवाल पूछा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा क्या है और इससे कितने लोगों की जान गई है। सांसद ने दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा देने से संबंधित जानकारी भी मांगी थी। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 161 के तहत हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के मामले में मुआवजे का विशेष प्रावधान है। इसके तहत 25 फरवरी 2022 की अधिसूचना के माध्यम से हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों के मुआवजा को बढ़ाया गया है। गंभीर चोट लगने की स्थिति में 12500 से लेकर 50000 और मृत्यु की स्थिति में 25000 से लेकर 200000 तक के मुआवजे को बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों के लिए राज्य स्तर पर न्यायाधिकरण में दर्ज किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने झारखंड को संसाधनों से समृद्ध राज्य बताया। ऐसे में बिरसा की धरती पर सही से संसाधनों के उपयोग, सबका साथ, सबका विश्वास के मंत्र से इस राज्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। कारण सड़कें विकास का आईना होती हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र में भी एन एच 98 और अन्य परियोजनाओं पर काम हो रहा है। अगले एक साल में इससे पलामू का नक्शा बदलने की उम्मीद की जा सकती है। बहरहाल सड़कों के प्रति केन्द्र सरकार का रवैया सकारात्म है। इस स्थिति में राज्य सरकार को भी चाहिए कि इस मौके का फायदा ले। सड़कों के जाल बन जाने से बहुत सारी समस्याओं का ऐसे ही निराकरण हो जायेगा। साथ ही सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों पर भी नियंत्रण लग जायेगा। अच्छी सड़कें वैसे भी दुर्घटना को कम कर देती हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में हम यह उम्मीद कर सकते हैं कि गंतव्य तक पहुंचने में कम दूरी का फासला तय करना पड़ेगा।

**बिरसा मुंडा की धरती पर अगर इन्हें सही तरीके से जमीन पर उतारा जाये तो इसके दिन फिरने से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह देखा गया है कि झारखंड में 3 वर्षों में 5736 सड़क दुर्घटनायें हुई हैं।**

# आस्था के पर्व में राजधर्म का संदेश





डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

'**यत्र** नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' का उद्घोष एक मात्र भारतीय संस्कृति में किया गया है। वैदिक काल में भी हमारे यहां नारी को समान अधिकार प्राप्त थे। वेद ऋचाएं लिखने वालों में अनेक महिला विदुषी भी थीं। लेकिन परतंत्रता के कालखंड में भारत की यह विशेषता कायम न रह सकी। इसका कारण इतिहास में भी दर्ज है। फिर भी अनेक हिंसक बाधाओं का सामना करते हुए भारतीयों ने अपनी सभ्यता-संस्कृति को बनाये रखने का प्रयास किया। पृथ्वी माता के प्रादुर्भाव के दिन नवरात्रि उपासना का शुभारंभ हुआ। कहा भी गया है-'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ या देवी सर्वभूतेषु मातृ-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥' नवरात्रि आस्था का पर्व है। इसमें राजधर्म का भी संदेश है। मातृ शक्ति की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होना चाहिए। तीर्थ स्थलों में सुविधाओं का पर्याप्त विकास होना चाहिए। यह शासक का दायित्व है। नेताओं का मन्दिर पहुंचना चर्चा का विषय बन जाता है, जबकि यह उनकी आस्था का विषय होता है। वैसे इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली बिल्कुल अलग है। दोनों ने संस्कृति और सुशासन का समन्वय किया है। यह तीर्थस्थलों की उनकी यात्रा में परिलक्षित होता है। नवरात्रि के तीसरे दिन नरेन्द्र मोदी काशी पहुंचे। उन्होंने सत्रह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया। वन वर्ड टीबी समिट का उद्घाटन किया। यह सुशासन और राजधर्म है। उनकी प्रत्येक यात्रा में यह तत्व शामिल रहता है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यापक कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इसके दृष्टिगत सामाजिक जागरुकता के साथ ही महिला स्वावलंबन संबंधी अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। इन सभी के सकारात्मक परिणाम आये है। मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था। इसमें बेटियों के प्रति सामाजिक चेतना को जागृत करने का विचार समाहित था। एक सर्वे में यह तथ्य उजागर हुआ था कि स्कूलों में बेटियों के लिए शौचालय न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में बालिकाएं स्कूल जाना भी बंद कर देती हैं। मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत योजना लागू की। इसके अंतर्गत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय निर्माण को प्राथमिकता दी गई। कहने को यह बात सामान्य लग सकती है। लेकिन इसने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति प्रदान की। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति योजना लागू की। इसके माध्यम से समाज में जागरुकता का सन्देश दिया गया। महिला सम्मान व स्वावलंबन में समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि पर मिशन शक्ति के प्रथम चरण का शुभारंभ किया था। वस्तुतः इस दिवस का चयन अपने आप में बड़ा सन्देश देने वाला था। महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के दृष्टिगत केंद्र और राज्य सरकार अपने स्तर से प्रयास कर रही हैं। लेकिन समाज का भी दायित्व कम नहीं है। यह विचार अन्यत्र से लेने की आवश्यकता ही नहीं है। भारतीय संस्कृति में इसका सर्वश्रेठ उल्लेख है। इस पर अमल की आवश्यकता है। योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के दूसरे चरण का शुभारंभ महिला दिवस के अवसर पर किया था। उन्होंने इस अवसर पर शास्त्रों की सूक्ति का उल्लेख किया- नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः। नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रपा।।अर्थात माता के समान कोई छाया नहीं है। माता के समान कोई सहारा नहीं है। माता के समान कोई रक्षक नहीं है। माता के समान कोई प्रिय नहीं है और इस विश्व में माता के समान कोई जीवनदाता नहीं है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन एक साथ जुड़ेंगे तो नारी सशक्तिकरण का लक्ष्य स्वतः ही प्राप्त होगा। भारतीय इतिहास में अनेक संदर्भ मिलते हैं जिसमें महिलाओं ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से उपलब्धियों के उच्चतम आयाम स्थापित किये। आज भी महिलाएं अपने विशिष्ट कार्यों से समाज को राह दिखा रही हैं। नारी शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के अनुष्ठान का कार्यक्रम हम वर्ष में दो बार करते हैं। दोनों अवसरों पर नारी शक्ति व उसकी महिमा के बारे में अवगत होते हैं। योगी आदित्यनाथ ने आस्था के इस पर्व में राजधर्म निभाया। तभी तो उत्तर प्रदेश पुलिस में बीस प्रतिशत महिलाओं की भर्ती हुई है। तीन महिला पीएसी बटालियन का गठन किया गया है। बजट में कुपोषण से संबंधित योजना को जोड़ा गया था। महिला स्वावलंबन संबधी सुमंगला योजना तो बेजोड़ है। यह अपने ढंग की अभिनव योजना है। इसमें बेटियों को शिक्षित व स्वावलंबी बनाने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री प्रयागराज में एक लाख साठ हजार महिला स्वयं सहायता समूहों के बैंक खातों में एक हजार करोड़ रुपये की धनराशि का अन्तरण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की एक लाख से अधिक नवीन लाभार्थियों के खातों में बीस करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। यूपी की सखी बैंक योजना भी महिला सुदृढ़ीकरण में नई इबारत लिख रही है। योगी सरकार ने इन पर पचहत्तर हजार करोड़ रुपये के लेनदेन की जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तर प्रदेश में टेक होम राशन जच्चा बच्चा को देने की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है। यह राशन अब सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं स्वयं बनाएंगी। यह वार्षिक हजारों करोड़ रुपये का कार्य है। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में गर्भावस्था के समय पांच हजार रुपये महिलाओं के खातों में जमा कराये जाते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत ढाई करोड़ बेटियों के खाते खोले जा चुके हैं। जमा धन पर अच्छी ब्याज दर की घोषणा की गई है। उज्वला योजना में रसोई गैस कनेक्शन, नल से जल की उपलब्धता से महिलाओं के जीवन में सुविधा में वृद्धि के साथ ही गरिमा में भी बढ़ोतरी हुई है। आयुष्मान भारत योजना से सर्वाधिक लाभ महिलाओं को हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत महिलाओं के नाम पर घर बनाये गये हैं। मुद्रा योजना के अन्तर्गत गांवों में गरीब परिवारों की नई महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना के जरिये भी बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत वर्तमान केंद्र सरकार के पहले पांच वर्ष में जितनी सहायता दी गई, उससे तेरह गुना बढ़ोतरी विगत सात वर्षों में हुई है। पहले स्वयं सहायता समूहों को दस लाख रुपये का ऋण बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जाता था।

**वर्तमान केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इसके दृष्टिगत सामाजिक जागरुकता के साथ ही महिला स्वावलंबन संबंधी अनेक योजनाओं को लागू किया गया है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***तत्पश्चात*** कौरव विराट की गौओं को हरकर ले जाने लगे, तब उन्हें अर्जुन ने परास्त किया। उस समय कौरवों ने पाण्डवों को पहचान लिया। श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा ने अर्जुन से अभिमन्यु नामक पुत्र को उत्पन्न किया था उसे राजा विराट ने अपनी कन्या उत्तरा ब्याह दी। धर्मराज युधिष्ठिर सात अक्षौहिणी सेना के स्वामी होकर कौरवों के साथ युद्ध करने को तैयार हुए। पहले भगवान श्रीकृष्ण परम क्रोधी दुर्योधन के पास दूत बनकर गये। उन्होंने ग्यारह अक्षौहिणी सेना के स्वामी राजा दुर्योधन से कहा- 'राजन! तुम युधिष्ठिर को आधा राज्य दे दो या उन्हें पाँच ही गाँव अर्पित कर दो; नहीं तो उनके साथ युद्ध करो।' श्रीकृष्ण की बात सुनकर दुर्योधन ने कहा- 'मैं उन्हें सुई की नोक के बराबर भूमि भी नहीं दूँगा; हाँ, उनसे युद्ध अवश्य करूँगा।' ऐसा कहकर वह भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बनाने के लिये उद्यत हो गया। उस समय राजसभा में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम दुर्धर्ष विश्वरूप का दर्शन कराकर दुर्योधन को भयभीत कर दिया। फिर विदुर ने अपने घर ले जाकर भगवान का पूजन और सत्कार किया। तदनन्तर वे युधिष्ठिर के पास लौट गये और बोले-'महाराज! आप दुर्योधन के साथ युद्ध कीजिये' युधिष्ठिर और दुर्योधन की सेनाएँ कुरुक्षेत्र के मैदान में जा डटीं। अपने विपक्ष में पितामह भीष्म तथा आचार्य द्रोण आदि गुरुजनों को देखकर अर्जुन युद्ध से विरत हो गये, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनसे कहा-'पार्थ! भीष्म आदि गुरुजन शोक के योग्य नहीं हैं। मनुष्य का शरीर विनाशशील है, किंतु आत्मा का कभी नाश नहीं होता। यह आत्मा ही परब्रह्म है। 'मैं ब्रह्म हूँ'- इस प्रकार तुम उस आत्मा को समझो। कार्य की सिद्धि और असिद्धि में समानभाव से रहकर कर्मयोग का आश्रय ले क्षात्रधर्म का पालन करो।' श्रीकृष्ण के ऐसा कहने पर अर्जुन रथारूढ़ हो युद्ध में प्रवृत्त हुए।

*(क्रमशः)*

# हिन्दुत्व में समग्र मानवीय अनुभूति



हृदय नारायण दीक्षित

***हिन्दुत्व*** भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है। लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है। कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं। लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई.पू.) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष जनसमूह का द्योतक है। हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू भारतीय जीवनशैली की भी प्रतिष्ठित संज्ञा है। इस्लाम और ईसाईयत भारत के बाहर विकसित हुए। ईसा ने ईसाईयत और हजरत मोहम्मद ने इस्लाम का जन्म व विकास किया। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नये विश्वास थे। भारतीय जनता के एक बड़े हिस्से ने इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहा। लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। हिन्दुओं का कोई एक धर्म ग्रन्थ नहीं है। कोई एक पैगम्बर नहीं। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते है। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। सनातन का अर्थ है कि यह सदा से है। इसे वैदिक धर्म भी कहते है। यह ऋग्वेद और सम्पूर्ण वैदिक साहित्य का विकास है। दरअसल भारत में धर्म का सतत विकास हुआ है। यहां धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ। धर्म का बाद में। दार्शनिक और वैज्ञानिक विवेक से युक्त समाज ज्ञान यात्रा में जिज्ञासा और प्रश्नों को महत्व देते हैं। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू धर्म व दर्शन की विशेषता है। इसका प्रभाव आधुनिक समाज में भी दिखाई पड़ता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति का गहन अध्ययन किया था। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। पूर्वज प्रकृति की नियमबद्धता से प्रेरित हुए। प्रकृति सुंदर है। सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसमे शिव और सुंदर की स्थापना हम सबका कर्तव्य है। विराट ब्रह्माण्ड नियमहीन नहीं है। यह ज्ञान पूर्ण संरचना है। इसे इन्टेलीजेन्ट डिजाइन भी कहा जाता है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। विहंसता है। शिशु होता है। अरुण होता है। तरुण होता है। सूर्य आते हैं, चन्द्र आते हैं। नदियां नित्य नई जलराशि लेकर प्रवाहमान रहती हैं। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के संपूर्ण गोचर प्रपंच नियमों में गति करते हैं। सूर्य का उगना और ऊषा का मुदित मन खिलना नियमों में है। चन्द्र का उगना, बढ़ना, बढ़ते हुए पूर्णिमा होना और घटते हुए अमावस्या होना नियम बंधन में है। वनस्पतियां भी नियमानुसार उगती हैं। इनका उगना, पौध बनना, इनसे कली खिलना, फूल होना और बीज होना भी सुसंगत नियमों में है। बीज के भीतर नए वृक्ष की पूरी संभावना लघु रूप में बंद रहती है। यह आश्चर्यजनक है, विस्मय बोधक है।

**अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है। लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है।**

अध्यात्म

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# लीक से हटकर पढ़ाया जायेगा सोच का पाठ



प्रमोद भार्गव

**देश** का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ऐसा उच्च शिक्षण संस्थान है, जिसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने लगातार चौथी बार देश का श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया है। यह देश का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जो शिक्षा में नवाचारी प्रयोगों में आगे रहा है। विज्ञान के आविष्कार और श्रेष्ठ साहित्य लेखन की बुनियाद 'विचार' या 'सोच' है। परंतु सोच का पाठ्यक्रम देश में कहीं पढ़ाया जाता हो, ऐसा अब तक देखने-सुनने में नहीं आया है। यही कारण है कि 900 के करीब उच्च शिक्षण संस्थान होने के बावजूद हम शोध, प्रयोग और आविष्कार के क्षेत्र में पिछड़े हुए हैं। खुशी की बात है कि आईआईटी मद्रास ने गणित के माध्यम से 'लीक से हटकर सोच' अर्थात 'आउट ऑफ द बाक्स थिंकिंग' पर आधारित पाठ्यक्रम शुरू किया है। इसके जरिये नवोन्मेषी सोच को बढ़ावा दिया जायेगा। इस अनोखी पहल के तहत संस्थान का विद्यालय और महाविद्यालयों के करीब 10 लाख विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य है। इसके अलावा शोधकर्ताओं और व्यवसायियों को भी जोड़ा जायेगा। यदि छात्र की सोच को ठीक से प्रोत्साहित किया गया तो तय है, देश के 70 प्रमुख शोध-संस्थानों में 3200 वैज्ञानिकों के जो पद खाली हैं, उनके भरने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। बेंगलुरु के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) से जुड़े संस्थानों में सबसे ज्यादा 177 पद रिक्त हैं। पुणे की राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला में 123 वैज्ञानिकों के पद खाली हैं। कहते हैं कि पक्षियों के पंख प्राकृतिक रूप से ही संपूर्ण रूप में विकसित हो जाते हैं, लेकिन हवा के बिना उनमें पक्षी को उड़ा ले जाने की क्षमता नहीं होती है। अर्थात उड़ने के लिए वायु आवश्यक तत्व है। इसी तथ्य के आधार पर हम कह सकते हैं, आविष्कारक वैज्ञानिक को सोच के धरातल पर जिज्ञासु एवं कल्पनाशील होना जरूरी है। कोई वैज्ञानिक कितना भी शिक्षित क्यों न हो, वह कल्पना के बिना कोई मौलिक या नूतन आविष्कार नहीं कर सकता। शिक्षा संस्थानों से विद्यार्थी जो शिक्षा ग्रहण करते हैं, उसकी एक सीमा होती है, वह उतना ही बताती व सिखाती है, जितना हो चुका है। आविष्कार सोच एवं कल्पना की वह श्रृंखला है, जो हो चुके से आगे की अर्थात कुछ नितांत नूतन करने की जिज्ञासा को आधार तल देती है। स्पष्ट है, आविष्कारक नये सिद्धांतों के प्रतिपादकों को उच्च शिक्षित होने की कोई बाध्यकारी अड़चन पेश नहीं आनी चाहिए। अतएव हम जब लब्ध-प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की जीवन-गाथा पढ़ते हैं, तो पता चलता है कि न तो वे उच्च शिक्षित थे, न ही वैज्ञानिक संस्थानों में काम करते थे और न ही उनके इर्द-गिर्द विज्ञान-सम्मत परिवेश था। उन्हें प्रयोग करने के लिए प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। सूक्ष्म जीवों का अध्ययन करने वाले पहले वैज्ञानिक ल्यूवेनहॉक द्वारपाल थे और लेंस की घिसाई का काम करते थे। लियोनार्दो विंची कलाकार थे। आइंस्टीन पेटेंट कार्यालय में लिपिक थे। न्यूटन अव्यवहारिक और एकांतप्रिय थे। उन्होंने विवाह भी नहीं की थी। न्यूटन को मंदबुद्धि भी कहा गया है। थॉमस अल्वा एडिसन को मंदबुद्धि बताकर प्राथमिक पाठशाला से निकाल दिया गया था। इसी क्षीण बुद्धि बालक ने कालांतर में बल्व और टेलीग्राफ का आविष्कार किया। फैराडे पुस्तकों पर जिल्दसाजी का काम करते थे। लेकिन उन्होंने ही विद्युत-मोटर और डायोनामा का आविष्कार किया। प्रीस्टले पुरोहित थे। लेवोसिएर कर विभाग में कर वसूलते थे। संगणक (कंप्यूटर) की बुद्धि अर्थात सॉफ्टवेयर बनाने वाले बिल गेट्स का पढ़ाई में मन नहीं रमता था, क्योंकि उनकी बुद्धि सॉफ्टवेयर निर्माण की परिकल्पना में एकाग्रचित्त थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक रोगों की पहचान कर दवा बनाने वाले आविष्कारक भी चिकित्सा विज्ञान जुड़े या चिकित्सक नहीं थे। आयुर्वेद उपचार और दवाओं का जन्म तो हुआ ही ज्ञान परंपरा से है। गोया, हम कह सकते हैं कि प्रतिभा जिज्ञासु के अवचेतन में कहीं छिपी होती है।

**देश के 70 प्रमुख शोध-संस्थानों में 3200 वैज्ञानिकों के जो पद खाली हैं, बेंगलुरु के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) से जुड़े संस्थानों में सबसे ज्यादा 177 पद रिक्त हैं।**

विज्ञान

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कर दें करियर को नई उड़ान

स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्र बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में अपना करियर बना सकते हैं। न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। इस कोर्स को कर आप भी अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। अगर आप भी स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद अन्य स्टूडेंट्स की तरह मेडिकल आदि अपना करियर नहीं बनाना चाहते हैं तो आपके पास कई ऑप्शन हैं। जिनमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक आर्किटेक्चर भी है। इंजीनियरिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण कोर्सेस में से आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स एक है। इसमें कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कैंडिडेट को जेईई की परीक्षा में शामिल होना होता है। आर्किटेक्चर के तौर पर आपका काम बिल्डिंगों के निर्माण, डिजाइन आदि से संबंधित होता है। बता दें कि देश के अलावा विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। 12वीं पास करने के बाद आप भी इस फील्ड में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें प्रवेश लेने के लिए आपको प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

**4 साल का होता है कोर्स :** बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल का होता है। इस कोर्स को 8 सेमेस्टर में डिवाइड किया गया है। इसकी पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग के बुनियादी पहलुओं के बारे में भी स्टूडेंट्स को सिखाया बताया जाता है। इस कोर्स को करने वाले छात्रों में रचनात्मक, क्रिएटिविटी और कल्पना का होना जरूरी है।

**योग्यता :** बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र को 12वीं साइंस स्ट्रीम से पास करना जरूरी है। 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा के दौरान आप इस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसमें एडमिशन के लिए छात्र के कम से कम 50% अंक होना जरूरी है। 12वीं पीसीएम में अंग्रेजी विषय की जानकारी होना आवश्यक है। आरक्षित श्रेणी के छात्रों को सरकार की गाइडलाइन्स के हिसाब से 5% की छूट मिलती है।

**एडमिशन प्रोसेस :** आर्टिकिटेक्चर इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स करने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कैंडिडेट को कंडक्टिंग बॉडी द्वारा जारी किए आवेदन फॉर्म को भरना होता है। इस फॉर्म को भरने वाले कैंडिडेट को ई-मेल आईडी के जरिए अपनी शैक्षिक जानकारी और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। इसके बाद आपको आवेदन फीस देनी होगी। आवेदन होने के बाद प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों अच्छा प्रदर्शन करना होता है। परीक्षा में रैंक के आधार पर काउंसलिंग प्रोसेस होता है। नंबर अच्छे आने के बाद छात्रों को सीट अलॉट की जाती है।

**प्रवेश परीक्षा :** जेईई मेन, जेईई एडवांस, डब्ल्यूजेईई, वीआईटीईईई, एसआरएमजेईई केईएएम, एलपीयूएनईएसटी, एनएटीए, एपी ईएएमसीईटी, कॉलेज और फीस।



**इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान (IGIT)**
कोर्स की फीस - 34,500 रुपये, औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 11,45,000 रुपये (सालाना)

**थंगल कुंजू मुसलियार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (टीकेएमसीई)**
कोर्स की फीस - 12, 425 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 8,00,000 रुपये (सालाना)

**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़**
कोर्स की फीस - 1,60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 6,00,00 रुपये (सालाना)

**निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर**
कॉलेज की फीस - 60,000 रुपये

**लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर**
कोर्स की फीस - 1,38, 200 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 20,00,000 रुपये (सालाना)

**इंडियाना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, गोरखपुर**
कोर्स की फीस - 54, 000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 5,40,000 रुपये (सालाना)

**अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान - [एआईआईटीएम] चेन्नई**
कोर्स की फीस - 60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 3,00,000 रुपये (सालाना)

**केसी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ऊना**
कोर्स की फीस - 70,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 6,00,000 रुपये (सालाना)

**हिंदुस्तान प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान (एचआईटीएस) चेन्नई**
कोर्स की फीस - 2,87,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 3,80,000 रुपये (सालाना)

स्कूल ऑफ एरोनॉटिक्स (SOA) नई दिल्ली
कोर्स की फीस - 1,80,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 4,80,000 रुपये (सालाना)

**आईआईटी, मद्रास**
कोर्स की फीस - 9.1 लाख रुपये

**एसआरएम विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस - 14 लाख रुपये

**एमआईटी मणिपाल**
कोर्स की फीस - 16 लाख रुपये

**अन्ना विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस - 5 लाख रुपये

**पद**
आर्किटेक्चर - 2 से 3 लाख रुपये
बल्डिंग सर्वेयर - 3.5 से 4 लाख रुपये
आर्किटेक्चूरल इंजीनियर - 4 से 5 लाख रुपये
स्ट्रक्चुरल इंजीनियर - 5 से 6 लाख रुपये
रूरल प्लानिंग - 5 से 6 लाख रुपये
अबर प्लानिंग - 6 लाख रुपये
इंटिरियर डिजाइन - 5 से 6 लाख रुपये

**बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स**
निर्माण उद्योग
डिजाइन और वास्तुकला उद्योग
इंटीरियर डिजाइनिंग
नगर योजना आयोग
एयरोस्पेस उद्योग
भारतीय रेल
नगर निगम
भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
**रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)**
राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड
आइडिया
शोवा सेकेई
पलाफॉक्स एसोसिएट्स
मोफोर्जेनेसिस
औकेट स्वांके
मूलरूप समूह
प्रोगेटो सीएमआर

**बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स : उच्च शिक्षा**
एमटेक/एमई इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
एमबीए
प्रतियोगिता परीक्षाएं
पीएचडी

❖ अनन्या मिश्रा

# डाटा एनालिटिक्स में बना सकते हैं करियर

अगर आपको भी टेक्नोलॉजी से लगाव है और कोडिंग आदि में रुचि रखते हैं तो आप डाटा एनालिटिक्स को करियक के तौर पर चुन सकते हैं। आने वाले समय में इस कोर्स को लेकर काफी डिमांड भी बढ़ी है। इसमें आप अपना करियर बनाकर अच्छी कमाई कर सकते हैं। आजकल के दौर में डाटा एनालिटिक्स विषय महत्वपूर्ण कोर्सेज में से एक है। डाटा एनालिटिक्स कोर्स को ऑनलाइन भी किया जा सकता है। बता दें कि इस क्षेत्र में करियर संबंधी भी संभावनाएं भी काफी है। एक समय पर इन कोर्सों को करने के लिए स्टूडेंट्स को ऑफलाइन संस्थानों में जाना पड़ता था। लेकिन अब आप इन कोर्सेज को घर बैठे ऑनलाइन भी कर सकते हैं। इसके अलावा आप इस कोर्स को टॉप संस्थानों से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी पढ़ सकते हैं और वह एकदम फ्री में। ऑनलाइल कोर्स करने के लिए आपको किसी तरह की फीस नहीं देनी होती है।

**यहां देखें कोर्स :** हालांकि जब आप इस कोर्स को कम्प्लीट कर लेते हैं तो सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आपको रुपए देने होते हैं। ऐसे में अगर आप भी डाटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ फ्री कोर्स के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप डाटा एनालिटिक्स में अपनी स्किल्स डेवलप कर सकते हैं।

## अप्लाइड बायेसियन फॉर एनालिटिक्स

संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से आईआईएम बैंगलोर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 11,974 रुपये

डाटा फॉर बेटर लाइफः न्यू सोशल कॉन्ट्रैक्ट
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से वर्ल्ड बैंक ग्रुप
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 388 रुपये

डाटा फॉर बेटर लाइफः न्यू सोशल कॉन्ट्रैक्ट सेल्फ पेस्ड
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से वर्ल्ड बैंक ग्रुप
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 388

## इंट्रोडक्शन टू डाटा एनालिटिक्स फॉर मैनेजर



संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से यूएम-एन आर्बर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 3,987 रुपये

## हरिकेन ट्रैकिंग विद सेटेलाइट डाटा

संस्थान का नाम - फ्यूचरलर्न के माध्यम से स्ट्रैथक्लाइड विश्वविद्यालय ग्लासगो
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि- 5 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 1,849 रुपये

## डाटा एनालिटिक्स बेसिक फॉर एवरीवन

संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से आईबीएम
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 7,541 रुपये

## फंडामेंटल ऑफ टाइनीएमएल

संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 16,203 रुपये

## डाटा एनालिटिक्स इन अकाउंटिंग एंड फाइनेंस

संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से हांगकांग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी, हांगकांग
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 7,683 रुपये

**डाटा एनालिटिक्स फॉर लीन सिक्स सिगमा**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा के माध्यम से यूवीए एम्स्टर्डम
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 2,188 रुपये

## डाटा एनालिटिक्स इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट

संस्थान का नाम - कोसेर्रा के माध्यम से सनी
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 2,188 रुपये

## एनालिटिक्स फॉर डिजाइन मेकिंग

संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से बाबसन कॉलेज,वेलेस्ले
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 4 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 18,887 रुपये

## एजाइल एनालिटिक्स

संस्थान का नाम - कोसेर्रा के माध्यम से यूवीए चार्लेट्सविले
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 4 सप्ताह

## डाटा एनालिटिक्स करियर गाइड एंड इंटरव्यू प्रिपरेशन

संस्थान का नाम - कोसेर्रा के माध्यम से आईबीएम
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 4 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - उपलब्धता नहीं

## गेटिंग स्टार्टड विद लेटर्स फॉर बिगनर्स ऑन एडब्ल्यूएस

संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से अमेजन वेब सेवाएं
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 सप्ताह
सर्टिफिकेट की फीस - 3,806 रुपये

## डाटा समार्ट फॉर बीगनर्स

संस्थान का नाम - जिगसाव अकादमी
कोर्स की फीस - फ्री
सर्टिफिकेट की फीस - उपलब्धता नहीं है।

# सशक्त 6जी तकनीक के लिए विशिष्ट एंटिना डिजाइन

पूर्ण-द्वैध एंटेना में रेडियो सिग्नल भेजने और प्राप्त करने के लिए एक ट्रांसमीटर और एक रिसीवर होता है। पारंपरिक रेडियो ट्रांसीवर अर्द्ध-द्वैध होते हैं, जिसका अर्थ है कि वे भेजने अथवा प्राप्त करने के लिए विभिन्न आवृत्तियों के संकेतों का उपयोग करते हैं।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के शोधकर्ता ऐसा एंटेना डिजाइन कर रहे हैं, जो 6जी तकनीक को सशक्त बना सकता है, और कुशल V2X (व्हीकल टू एवरीथिंग) संचार में सहायक है।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर देबदीप सरकार के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने दिखाया है कि पूर्ण-द्वैध (full-duplex) संचार एंटेना में स्व-हस्तक्षेप (self-interference) को कैसे कम किया जा सकता है। ऐसा करके, संचार नेटवर्क में संकेतों की आवाजाही तेज की जा सकती है, और बैंडविड्थ बेहतर हो सकती है। इस तरह के पूर्ण-द्वैध एंटेना उन अनुप्रयोगों के लिए सहायक होते हैं, जिनके लिए ड्राइवर रहित कारों की तरह लगभग तात्कालिक कमांड रिले की आवश्यकता होती है।

पूर्ण-द्वैध एंटेना में रेडियो सिग्नल भेजने और प्राप्त करने के लिए एक ट्रांसमीटर और एक रिसीवर होता है। पारंपरिक रेडियो ट्रांसीवर अर्द्ध-द्वैध होते हैं, जिसका अर्थ है कि वे भेजने अथवा प्राप्त करने के लिए विभिन्न आवृत्तियों के संकेतों का उपयोग करते हैं। एक अन्य स्थिति में, प्रेषित सिग्नल और प्राप्त सिग्नल के बीच एक समय अंतराल होता है। यह समय अंतराल आवश्यक है, ताकि कोई हस्तक्षेप न हो - आगे और पीछे जाने वाले संकेतों को परस्पर विच्छेद नहीं करना चाहिए। यह कुछ ऐसा ही है, जैसे दो लोग बात करते हैं, तो दूसरे को सुनने के लिए उन्हें रुकना नहीं पड़ता। लेकिन, इससे सिग्नल ट्रांसफर की दक्षता और गति प्रभावित होती है। डेटा को बहुत तेज और अधिक कुशलता से प्रसारित करने के लिए, पूर्ण-द्वैध प्रणालियों की आवश्यकता होती है, जहां ट्रांसमीटर और रिसीवर दोनों समान आवृत्ति के संकेतों को एक साथ संचालित कर सकते हैं। ऐसी प्रणालियों के लिए, स्व-हस्तक्षेप को समाप्त करना महत्वपूर्ण है। देबदीप सरकार और उनके पोस्ट डॉक्टोरल शोधार्थी जोगेश चंद्र दास पिछले कुछ सालों से इस पर काम कर रहे हैं।

देबदीप सरकार कहते हैं, 'अनुसंधान का व्यापक उद्देश्य यह है कि हम स्व-हस्तक्षेप (self-interference) सिग्नल को खत्म करना चाहते हैं।' इसको खत्म करने के दो तरीके हैं - निष्क्रिय और सक्रिय। सर्किट को एक निश्चित तरीके से डिजाइन करके (उदाहरण के लिए, एंटेना के बीच की दूरी बढ़ाकर) बिना किसी अतिरिक्त उपकरण के हस्तक्षेप को निष्क्रिय रूप से खत्म कर सकते हैं। जबकि, सक्रिय तरीका; सिग्नल प्रोसेसिंग इकाई जैसे घटकों पर निर्भर करता है। लेकिन, इन चरणों के लिए आवश्यक घटक एंटेना को भारी और महंगा बना सकते हैं। जबकि, कॉम्पैक्ट, लागत प्रभावी एंटेना समय की माँग है, जिसे आसानी से किसी भी उपकरण के साथ एकीकृत किया जा सके।

नया विकसित एंटीना निष्क्रिय स्व-हस्तक्षेप पर निर्भर करता है, जिससे इसे पूर्ण-द्वैध प्रणाली के रूप में संचालित किया जा सकता है। इसमें दो पोर्ट होते हैं, जिनमें से कोई भी ट्रांसमीटर या रिसीवर के रूप में कार्य कर सकता है। दो पोर्ट एक दूसरे से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक टूल द्वारा अलग होते हैं, जिन्हें मेटालिक वायस कहा जाता है। मेटालिक वायस, एंटेना की धातु की सतह में ड्रिल किए गए छेद होते हैं, जो विद्युत क्षेत्र को बाधित करते हैं। इस तरह, शोधकर्ता अधिकांश स्व-हस्तक्षेप को निष्क्रिय रूप से रद्द करने में सफल रहे। इस प्रकार, एक लागत प्रभावी और कॉम्पैक्ट डिजाइन विकसित किया गया।

दास कहते हैं, 'हम हस्तक्षेप खत्म करने के लिए पारंपरिक तकनीकों के स्थान पर एक सीधी संरचना को एकीकृत कर रहे हैं, जिसे कार में स्थापित किया जा सकता है।' निकट भविष्य में, शोधकताओं की योजना निष्क्रिय हस्तक्षेप को खत्म करने और एंटीना के समग्र आकार को कम करने के लिए अपनी डिवाइस को अनुकूलित करने की है। फिर, इसे आसानी से किसी वाहन पर लगाया जा सकता है, जो तेज गति से डेटा संचारित और प्राप्त कर सकता है।

## दैनिक पंचांग

**29 मार्च 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.49 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृष | 08.29 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.27 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.40 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.56 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 17.08 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.19 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 21.34 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 23.50 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.55 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कुंभ | 03.41 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.14 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 88 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1944
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 21.08 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 20.07 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 00.12 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.02 बजे तदनन्तर बव 21.08 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871567
**जूलियन दिन** 2460032.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान
**तारीख** 06
**विशेष** दुर्गाष्टमी व्रत, बुधाष्टमी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7716



**बाएँ से दाएँ**
1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान,इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद,नियामत-4
8. केश-2
10. कसम,प्रतिज्ञा,वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी,स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम,केश-2
20. अधिकार,आरोप-2
21. सतह,स्तर,पटल-2
23. लूटपाट,डाका-4
25. सभ्यीकरण,विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**
1. अनोखा,विचित्र,विलक्षण-3
2. नया,नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन,प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल,कालकोठरी-4
18. शोर,ध्वनि,कंपन्न-3
20. ताप,शवदाह-2
22. यज्ञ,आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

**शब्द पहेली -7715 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | न | ब | न | | सौ | | |
| | प | | री | | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | | द | म | न | | ल |
| | ध | र | ती | | झ | | रा | ज |
| फि | | क | मा | नी | दा | र | | ला |
| त | न्हा | | र | | र | ह | म | |
| र | | म | दा | री | | ना | र | द |
| त | र | का | री | | जा | | घ | |
| | | न | | प | न | घ | ट | |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़ी मेहनत से कार्य सफल होंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। किसी के भी साथ धन से सम्बंधित व्यवहार न करें। किसी भी विवाद में पड़ने से बचना होगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय-धंधे में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन व्यग्र रहेगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगा। कारोबाल अच्छा चलेगा और धनलाभ की संभावना रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति आपके अनुकूल रहेगी, जिससे कारोबार में धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहेगी। कार्यों की सफलता के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी और दिन भागदौड़ में व्यतीत होगा।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना रहेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे और बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यों में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों और मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी। भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों-परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य आसानी से पूरे होंगे।




# संसद में गतिरोध, जल्दी खत्म हो सकता है बजट सत्र

## बजट सत्र 6 अप्रैल को होने वाला है समाप्त, विभिन्न मुद्दों पर संसद में जारी है गतिरोध

### सूत्रों का कहना है : समय से पहले ही जल्द अनिश्चितकाल के लिए समाप्त हो सकता है संसद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में गतिरोध जारी रहने के कारण बजट सत्र जल्दी समाप्त होने की संभावना है। बजट सत्र 6 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, लेकिन विभिन्न मुद्दों पर जारी गतिरोध के साथ, सूत्र कह रहे हैं कि यह जल्द ही अनिश्चितकाल के लिए समाप्त हो सकता है। विपक्ष ने अदानी समूह मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की अपनी मांग पर अडिग रहने का फैसला किया है। विपक्षी सांसदों ने जेपीसी की मांग और राहुल गांधी की अयोग्यता के खिलाफ भी मंगलवार को लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया। विपक्षी दलों के नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर एक बैठक में भाग लिया और जेपीसी पर अपना विरोध जारी रखने का फैसला किया। अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बैठक में मौजूद थे। बैठक में डीएमके, एनसीपी, जद(यू), बीआरएस, सीपीआई(एम), सीपीआई, आप, एमडीएमके, केसी, टीएमसी, आरसीपी, आरजेडी, जेएंडके एनसी, जेयूएमल, वीसीके, एसपी और जेएमएम शामिल हुए।

विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से जेपीसी की मांग के लिए दबाव बनाने और संसद में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने ट्वीट में कहा, एक आदमी को बचाने के लिए, मोदी जी 140 करोड़ लोगों के हितों को रौंद रहे हैं। पीएम के 'परम मित्र' की रक्षा के लिए भाजपा जनता के मुद्दों पर चर्चा करने वाली संसद को ठप कर देती है। अगर कोई गलत नहीं है, तो सरकार संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच की विपक्ष की मांग से क्यों कतरा रही है?

## राहुल के खिलाफ भाजपा के ओबीसी सांसदों ने किया मार्च

### संसद भवन परिसर स्थित गांधी प्रतिमा से विजय चौक तक किया मार्च



भाजपा के ओबीसी सांसदों ने राहुल गांधी पर देश के ओबीसी समाज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को उनके खिलाफ संसद भवन परिसर स्थित गांधी प्रतिमा से विजय चौक तक मार्च किया। मार्च कर रहे भाजपा के ओबीसी सांसदों ने एक बार फिर ओबीसी समाज के अपमान को लेकर राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। दरअसल, भाजपा लगातार 'मोदी सरनेम' मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर देश के ओबीसी समाज के अपमान का आरोप लगा कर, उनके खिलाफ देश भर में अभियान चला रही है। भाजपा लगातार यह आरोप लगा रही है कि देश के पिछड़ों का अपमान करना, कांग्रेस और राहुल गांधी के चरित्र में है इसलिए उन्हें माफी मांगनी ही चाहिए।

### ओबीसी समुदाय पर राजनीति कर रही बीजेपी : अधीर रंजन चौधरी

लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ओबीसी के नाम पर केवल राजनीति कर रही है और उसे उनकी कोई चिंता नहीं है। चौधरी ने कहाः इसका ओबीसी से कोई लेना-देना नहीं है। न तो मोदी और न ही स्मृति ईरानी को ओबीसी समुदाय का 'ठेकेदार' बनना चाहिए। वे ओबीसी के नाम पर राजनीति करना चाहते हैं और कुछ नहीं।। वे राहुल गांधी से दूर भाग रहे हैं। पीएम मोदी ने आज स्मृति ईरानी को तैनात किया है। अगर वह 'नहीं' कहती है, तो उसकी नौकरी चली जाएगी। उन्होंने संसद में नहीं बोलने और मीडिया से बचने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, असली मुद्दों के साथ हमारे पास आइए। अगर आपमें (पीएम मोदी) हिम्मत है तो मीडिया के सामने बैठिए और उनसे कहिए कि आपसे कुछ भी पूछें। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि राजनीतिक हताशा के चलते पीएम मोदी के प्रति राहुल गांधी की नफरत अब पूरे देश के अपमान में तब्दील हो गई है।

## राहुल के मामले को बारीकी से देख रहा है अमेरिका : प्रवक्ता

### कानून का शासन और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए सम्मान किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला

### विपक्षी दलों के सदस्यों के साथ बातचीत करना सामान्य



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा है कि मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सांसद के रूप में अयोग्य ठहराए जाने के मामले को वाशिंगटन बहुत बारीकी से देख रहा है। सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी को अयोग्य ठहराने का मामला लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है।

विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहाः कानून का शासन और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए सम्मान किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है और हम भारतीय अदालतों में राहुल गांधी के मामले को देख रहे हैं। हम भारत सरकार के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी शामिल है, के लिए प्रतिबद्ध हैं। पटेल ने कहाः हम भारत के साथ मिलकर लोकतांत्रिक सिद्धांतों और अभिव्यक्ति की स्तंत्रता के साथ मानवाधिकारों के संरक्षण पर प्रकाश डालते रहेंगे।

एक अन्य सवाल के जवाब में कि क्या अमेरिका अब भी विपक्ष के नेता के रूप में राहुल के साथ बातचीत कर रहा है, पटेल ने कहा कि जिन देशों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध हैं, वहां के विपक्षी दलों के सदस्यों के साथ बातचीत करना हमारे लिए सामान्य है। गौरतलब है कि 24 मार्च को राहुल गांधी को मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### गडकरी को धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने कर्नाटक के बेलगावी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को टेलीफोन पर जान से मारने की धमकी दी थी और 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। नागपुर पुलिस की एक टीम बेलगावी गई और आरोपी जयेश पुजारी को हिरासत में लिया, जिसे कुछ अन्य अपराधों के मामलों में दोषी ठहराया गया है। आरोपी को आगे की पूछताछ के लिए नागपुर लाया गया है और जल्द ही रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा।

### ईडी ने सिसोदिया के पीए से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में एक ताजा घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के निजी सहायक (पीए) देवेंद्र शर्मा से पूछताछ कर रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी द्वारा जांच में शामिल होने के लिए शर्मा को फिर से बुलाया गया था। वह जांच में शामिल हुए और ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। पिछली बार पूछताछ के दौरान उनका सामना सिसोदिया से हुआ था।

### लद्दाख में 4.3 की तीव्रता का आया भूकंप

**लद्दाख।** लद्दाख में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से भी किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार मंगलवार सुबह 10 बजकर 47 मिनट पर लद्दाख में रिक्टर स्केल पर 4.3 की तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र लेह शहर से 166 किलोमीटर उत्तर में था और इसकी गहराई जमीन के नीचे 105 किलोमीटर पर रही। हालांकि, इस भूकंप में अभी तक कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### तीर्थयात्रियों को लेकर लौट रही बस पलटी

**तिरुवनंतपुरम।** तमिलनाडु के तंजावुर से 62 तीर्थयात्रियों को लेकर प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से लौट रही एक बस मंगलवार को अनियंत्रित होकर पलट गई। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्रियों को बचा लिया गया है। हादसा केरल के पठानमथिट्टा जिले में स्थित निलाकल में हुआ। अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों ने तीर्थयात्रियों को बचाने में कामयाबी हासिल की।

## जामिया हिंसा : शरजील समेत 9 पर आरोप तय

### शरजील इमाम के साथ आसिफ इकबाल तन्हा और सफूरा भी शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2019 के जामिया हिंसा मामले में निचली अदालत के आदेश के खिलाफ पुलिस की पुनरीक्षण याचिका पर विभिन्न अपराधों के तहत 11 आरोपियों में से नौ के खिलाफ आरोप तय किए, जिनमें शरजील इमाम, आसिफ इकबाल तन्हा और सफूरा जरगर शामिल हैं। ट्रायल कोर्ट ने 4 फरवरी को सुनाए गए एक आदेश में 11 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया था।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने नौ आरोपियों के खिलाफ दंगा, गैरकानूनी सभा और अन्य सहित विभिन्न अपराधों के तहत आरोप तय किए। हालांकि, अदालत ने उन्हें कई अन्य अपराधों से आंशिक रूप से मुक्त कर दिया है। अदालत ने मोहम्मद कासिम, महमूद अनवर, शहजर रजा, उमैर अहमद, मोहम्मद बिलाल नदीम, शरजील इमाम, चंदा यादव, सफूरा जरगर पर आईपीसी की धारा 143, 147, 149, 186, 353, 427 के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने मोहम्मद शोएब और मोहम्मद अबुजार पर आईपीसी की धारा 143 के तहत आरोप लगाए और अन्य सभी धाराओं से आरोपमुक्त कर दिया। आसिफ इकबाल तन्हा के मामले में अदालत ने उन्हें धारा 308, 323, 341 और 435 से मुक्त कर दिया लेकिन अन्य धाराओं के तहत आरोप तय किए। न्यायाधीश शर्मा ने 23 मार्च को याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिसंबर 2019 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पुलिस और नागरिकता संशोधन अधिनियम विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के बाद हिंसा भड़क उठी थी।

## राम प्रसाद पॉल त्रिपुरा विस के उपाध्यक्ष

**अगरतला।** सत्तारूढ़ भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री राम प्रसाद पॉल मंगलवार को त्रिपुरा विधानसभा के उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुन लिए गए। पॉल पहली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के उन चार मंत्रियों में शामिल थे, जिन्हें मुख्यमंत्री माणिक साहा के नेतृत्व वाली दूसरी बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार में जगह नहीं मिली थी।

## ईडी ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता के ठिकाने पर की छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को कोयला खनन मामले में छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर छापेमारी की गई। आरोपी कथित तौर पर प्रति टन 25 रुपये कमीशन ले रहे थे। ये छापेमारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल और गिरफ्तार आरोपी सुनील अग्रवाल के ठिकानों पर की गई। फरवरी में भी प्रदेश के जनसंपर्क अधिकारी आरपी सिंह और श्रम समिति के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल सहित कांग्रेस के विभिन्न नेताओं के परिसरों पर छापेमारी की गई थी।

## 30 जून तक पैन को आधार से जोड़ सकेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने (स्थाई खाता संख्या) पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को तीन महीने बढ़ाकर 30 जून कर दी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीडीटी के मुताबिक करदाताओं को राहत देने के लिए पैन कार्ड के साथ आधार को लिंक करने की समय-सीमा को 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दिया गया है। इससे पहले भी पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहली बार इसे 30 जून, 2022 तक बढ़ाया गया, जिसके बाद बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 कर दिया गया था।




### 'जी ले जरा' में कैमियो करेंगे शाहरुख



**किंग** खान शाहरूख खान आने वाली फिल्म जी ले जरा में कैमियो करते नजर आयेंगे। फिल्म जी ले जरा में कैटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। यह पहली है जब एक ही फिल्म में ये तीनों हीरोइन एक साथ नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग राजस्थान में होगी। जी ले जरा में 'शाहरुख खान' कैमियो करते नजर आयेंगे। फिल्म जी ले जरा में शाहरूख खान का रोल काफी अहम होगा। फिल्म जी ले जरा का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहें हैं। फरहान इन दिनों राजस्थान में मौजूद हैं। वह राजस्थान की सबसे बेस्ट लोकेशन की तलाश कर रहे हैं। हाल ही में फरहान ने इस जर्नी के दौरान की तस्वीर भी पोस्ट की थी। इस पोस्ट को शेयर करते हुए फरहान ने कैप्शन में लिखाः अच्छी लोकेशन की तलाश में। फिल्म जी ले जरा को फरहान ने अपनी बहन जोया अख्तर और रीमा कागती के साथ मिलकर लिखा है।

### वीर हनुमान में काम करेंगे खेसारी लाल यादव



**भोजपुरी** सिनेमा के जाने-माने अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म वीर हनुमान में काम करते नजर आयेंगे। वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार, खेसारी लाल यादव और निर्देशक पराग पाटिल की जोड़ी फिर से साथ काम करने जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार ने खेसारी लाल यादव को लेकर अपनी नई भोजपुरी फिल्म वीर हनुमान को घोषणा की है, जिसका निर्देशन पराग पाटिल करने जा रहे हैं, वही फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी की है। वर्ल्ड वाइड चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत वीर हनुमान की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। फिल्म की घोषणा करते हुए निमार्ता रत्नाकर कुमार ने एक पोस्टर सांझा किया है। जिसमें वीर हनुमान का आधा भाग नजर आ रहा है। वही पूरा पोस्टर सिंदूर रंग के साथ बनाया गया है। रत्नाकर कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा है कि अनाउंसिंग फिल्म वीर हनुमान विथ खेसारी लाल यादव।शूटिंग स्टार्टिंग सून।डरेक्टेड बाय पराग पाटिल, प्रोड्यूस बाय रत्नाकर कुमार, रिटेन बाय अरविंद तिवारी।

### शूटिंग के दौरान बचपन की यादें हुईं ताजा : शिल्पा राव



**बॉलीवुड** की गायिका शिल्पा राव का कहना है कि नुमानी गाना की शूटिंग के दौरान उनकी बचपन की यादें ताजा हो गयीं। शिल्पा राव नए एकल 'नुमानी' के लिए पहली बार पॉप रॉक बैंड फरीदकोट और संगीत लेबल टी-सीरीज के साथ काम कर रही हैं। गाने की शूटिंग बहुत ही खूबसूरत जगहों पर की गई हैं जिसे देख शिल्पा की बचपन की यादें ताजा हो गई, जब वह एक आम के पेड़ के नीचे गायन का अभ्यास करती थीं। शिल्पा ने ने सेट पर अपने पुराने पलों को साझा किया जहां उन्हें जमशेदपुर जैसा माहौल मिला, जहां वह पली-बढ़ी थीं। शिल्पा राव ने बताया, हम एक जंगल के बीच में शूटिंग कर रहे हैं और मैं इस ट्रैक को फिल्माते हुए कुछ आम के पेड़ों की छांव में बैठी हूं। यह मुझे अपने बचपन के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया, क्योंकि जमशेदपुर में मैं अपने घर के पास आम के पेड़ों के नीचे अपना रियाज किया करती थी।

### रामचरण और कियारा आडवाणी की जोड़ी गेम चेंजर में आयेगी नजर



**दक्षिण** भारतीय अभिनेता रामचरण और अभिनत्री कियारा आडवाणी की जोड़ी फिल्म गेम चेंजर में नजर आयेगी। रामचरण-कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म का टाइटल टेंटेटिवली आरसी 15 रखा गया था, लेकिन अब इसका नाम रिवील कर दिया गया है। रामचरण ने अपने जन्मदिन पर अपनी अपकमिंग फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। इस फिल्म का टाइटल 'गेम चेंजर' रखा गया है। राम चरण ने टाइटल रिवील वीडियो भी अपने ऑफिशियल ट्विटर पर शेयर किया।

## विवाद : कर्नाटक जिले में कुरान के पाठ का विरोध

# हिंदू कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**एजेंसी। हासन/कर्नाटक**

कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार को बजरंग दल और हिंदू कार्यकर्ताओं पर उस समय लाठीचार्ज किया, जब जिले के बेलुरु शहर में एक ऐतिहासिक हिंदू धार्मिक मेले में कुरान के पाठ (पढ़ने) का विरोध हिंसक हो गया। इस संबंध में हिंदू संगठनों ने बेलुरु शहर में बंद का आह्वान किया था। स्थिति उस समय हिंसक हो गई जब विरोध के बीच एक मुस्लिम युवक ने 'कुरान जिंदाबाद' का नारा लगाया। बजरंग दल और हिंदू कार्यकर्ताओं ने युवक से पूछताछ की और उसे घेर लिया। स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब युवक की आंदोलनकारियों से बहस हो गई। बाद में प्रदर्शनकारियों ने उनका पीछा किया। इस बीच, आंदोलनकारियों के एक अन्य समूह ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने कोई मौका न लेते हुए लाठीचार्ज किया और भीड़ को खदेड़ दिया। साथ ही युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की।



हिंदू कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपकर हिंदू धार्मिक मेले में कुरान की आयतों को नहीं पढ़ने की मांग की थी। उन्होंने अधिकारियों से तीन अप्रैल तक इस संबंध में आदेश जारी करने का भी आग्रह किया। हिंदू कार्यकर्ताओं ने बेलुरु शहर में ऐतिहासिक चेन्नाकेशव रथोत्सव के दौरान कुरान के पढ़ने की रस्म का विरोध किया है। हिंदू संगठनों का कहना है कि इस अनुष्ठान का पालन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह हिंदू धर्म के खिलाफ है। ऐतिहासिक धार्मिक मेला 4 अप्रैल को होने वाला है और जिला प्रशासन चुनाव के समय सांप्रदायिक रंग लेने वाले घटनाक्रम के बारे में चिंतित है। बेलुरु चेन्नाकेशव 12वीं सदी का हिंदू मंदिर है।

# पोल्ट्री फार्म के मालिक पर केस दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मेसर्स शर्मा पोल्ट्री फार्म के मालिक रवीश सिंह पर 2.15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। कोतवाली थाना में रवीश सिंह पर धोखाधड़ी का केस किया गया है। यह केस श्री कृष्णा न्युट्रीशियन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (कार्यालय-21 कल्पतरु अपार्टमेंट जालान रोड अपर बाजार) के जनरल मैनेजर नरेंद्र राजेंद्र जाधव ने कराया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। (पढ़ें, पीएम मोदी की छवि खराब करने के लिए राहुल गांधी ने विदेश में झूठ बोला, अडानी के हाथ में हाथ डाले क्यों घूमते हैं रॉबर्ट वाड्रा : स्मृति ईरानी)

मुर्गी के दाने मंगाकर नहीं दिये पैसे
दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, श्री कृष्णा न्युट्रीशियन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड मूंर्गी के दाने का उत्पादन का कार्य करती है। नरेंद्र राजेंद्र जाधव ने बताया कि रवीश सिंह ने उनकी कंपनी से संपर्क किया और यह विश्वास दिलाया कि यदि हम उन्हें उनके मांग के अनुसार माल देते हैं तो वह दस दिनों के अंदर भुगतान कर देगा। उसकी बातों पर विश्वास करके हमने उधार में माल भेजना शुरू किया। कुछ दिनों तक उनके द्वारा भुगतान किया गया। जिसकी वजह से उनपर हमें विश्वास हो गया। इसके बाद उसने उधार माल लेना शुरू किया। जब कंपनी ने बकाये पैसों की मांग की तो रविश सिंह ने टाल मटोल करना शुरू कर दिया। बार बार अनुरोध करने के बाद उसने केवल तीन लाख नब्बे हजार रुपए कंपनी के खाते में जमा किये।

**फर्जी आरटीजीएस का भेज दिया मैसेज :** दर्ज कराये गये प्राथमिकी में कहा गया कि रवीश सिंह ने वाट्सअप पर आरटीजीएस का स्लिप भेजा और कहा कि उन्होंने हमारे खाते में दस लाख और पांच लाख जमा कराये हैं। लेकिन जब कंपनी का बैंक अकाउंट चेक किया गया तो बैंक ने बतलाया कि आरटीजीएस के जरिये खाते में कोई पैसे नहीं आये हैं। इन बातों की जानकारी जब रविश सिंह को दी गयी तो वह हमारे साथ गाली गलौज करने लगा। उसने धमकी दी कि यदि हम बकाया राशि की मांग करते हैं तो यह उनकी कंपनी और उनके लिए अच्छी नहीं होगी।

## उर्दू प्राथमिक स्कूल के छात्र हुए सम्मानित

**रांची।** राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय, खिजूरटोली कांके में विद्यालय प्रबंध समिति व अभिभावकों की संयुक्त बैठक बीते सोमवार को हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शादाब कैशर ने की। प्रधानाध्यापक नसीम अहमद ने बताया कि 119 छात्रों को 1500 की दर से उनके खाता में छात्रवृत्ति की राशि भेजी गई। सभी छात्रों को विद्यालय पोशाक मुहैया किया गया। रूम टू रीड में दिल्ली व झारखंड स्टेट टीम द्वारा वर्ग प्रथम के नामांकित 25 की परीक्षा ली गई, जिसमें बच्चों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

# भोलानाथ भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य बनाए गए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह को भारतीय ओलंपिक संघ ने अपने अवसंरचना समिति इंस्ट्रक्शन कमेटी का सदस्य बनाया है। भारतीय ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव सह सीईओ श्री कल्याण चौबे ने भोलानाथ सिंह को पत्र लिखकर यह जानकारी दी और उन्हें बधाई भी दिया है। भोलानाथ सिंह को पिछले सप्ताह ही एशिया हॉकी महासंघ का उपाध्यक्ष चुना गया और अब भारतीय ओलंपिक संघ का इंस्ट्रक्शन कमेटी का सदस्य बनाया गया है। भोलानाथ सिंह को आईएओ का इंस्ट्रक्शन कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह,उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्यार्नी मजूमदार, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा



,सीईओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।

रामनवमी पर्व पर विधि व्यवस्था के लिए संयुक्तादेश जारी

# पदाधिकारियों दिये निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त - सह - जिला दण्डाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची का संयुक्तादेश जारी किया गया है। आगामी 30 मार्च 2023 को रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर रामनवमी की मुख्य शोभा यात्रा/जुलूस निकाला जाएगा। इसके एक दिन पूर्व दिनांक- 29-03-2023 विद्युत श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, वहीँ दिनांक- 31-03-2023 को चैती दुर्गा की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उक्त अवसर पर शान्ति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मिथ्या/अफवाहों के कारण अनावश्यक भय, तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका को देखते हुए प्रत्येक प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निदेश दिया गया है, जिससे अफवाहों का निराकरण त्वरित हो, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / अंचल अधिकारी / थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया है कि अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सावधानी बरतें एवं किसी तरह के अफवाह के प्रकाश में आने पर उसका निराकरण त्वरित करें। अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर राँची / बुण्डू सभी पुलिस उपाधीक्षक, सदर/रांची / बुण्डू / सभी थाना प्रभारी, इस दिशा में अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे तथा आवश्यकता के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सभी थाना प्रभारियों को स्थानीय गुप्तचर विभाग के पदाधिकारियों से सतत सम्पर्क स्थापित रखने एवं अपने-अपने क्षेत्र के शांति समिति के सदस्य / मुखिया गण / पार्षदगण / संघात नागरिकों से सम्पर्क बनाये रखने का निदेश दिया गया है, जिससे महत्वपूर्ण गुप्त सूचनाएं प्राप्त की जा सके। संवेदनशील स्थानों पर सादे लिबास में पुलिस कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति किये जाने का निदेश दिया गया है। संबंधित पदाधिकारी सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने क्षेत्र में गुप्त सूचनाएँ प्राप्त करते रहेंगे तथा सम्यक एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। रामनवमी का मुख्य जुलूस दिनांक 30.03.2023 एवं चैती दुर्गा की शोभा यात्रा दिनांक 31.03.2023 को निकली जाएगी। जुलूस निकाले जाने की अनुज्ञप्ति पुलिस अधिनियम की धारा 30 के अन्तर्गत प्रदान की जाती है। सभी पात्रताधारियों को नियमानुसार सक्षम पदाधिकारी दिनांक 29.03.2023 के पूर्व अनुज्ञप्ति निर्गत करने का निदेश दिया गया है।

## अदालत की खबरें

### रंजित कोहली ने गवाह पेश करने के लिए सीबीआई कोर्ट से मांगा समय

**रांची।** रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े मामले की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष ने गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने बचाव पक्ष यानी रंजित कोहली के आग्रह को स्वीकार करते हुए गवाह प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया है। इससे पहले सभी आरोपितों के 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किए हैं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। इसके बाद सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

### नक्सल प्रभावित छह जिलों में लगेंगे मोबाइल टॉवर

**रांची।** चतरा, चाईबासा समेत छह जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) परियोजना के तहत मोबाइल टॉवर लगाये जाएंगे। इसको लेकर मंगलवार को एडीजी अभियान संबंधित जिले के एसपी के साथ झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे, जिन जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाये जायेंगे, उसमें चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, सरायकेला, चाईबासा और गढ़वा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मोबाइल टावर के चालू होने से ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ेगी। इससे कई गांवों को कवरेज प्रदान करने और डिजिटल विभाजन को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही मोबाइल कवरेज इन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद से निपटने में गेम चेंजर साबित हो सकता है।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23 Dated–27/03/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 31/03/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 03/04/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 12/04/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 13.04.2023 10:30 AM to 05:00 P.M.<br>(i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.<br>(ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar<br>(iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 14/04/2023 05:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 6062 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-02 | 1 | 5 | 55 | 1513 | 5,22,69,000.00 | 5,23,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-19 | 2 | 9 | 96 | 2356 | 8,67,38,000.00 | 8,68,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-24 | 3 | 4 | 82 | 2193 | 7,85,88,000.00 | 7,86,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in**

**Executive Engineer**
**D.W.&S.Division, Garhwa**

PR 293705 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

---

## Garhwa Nagar Parishad
Address: Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana Road, Garhwa
Phone No.:

Reference No.- GNP/RFP-01/2022-23 2nd Call Date: 23.03.2023

**Tender Notice, IMPORTANT INFORMATION**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,47,95,439<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,58,86,388 Total: ₹ 4,06,81,827 |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 406818.00/-. (Rupees Four Lakhs Six Thousand Eight Hundred Eighteen Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 28.03.2023 |
| 7. | Document downloading start Date | 28.03.2023 |
| 8. | Start date for seeking clarification | 28.03.2023 |
| 9. | End date for seeking clarification | 05.04.2023 |
| 10. | Pre bid meeting date, Time & Venue | 06.04.2023 |
| 11. | Bid submission end date | 13.04.2023 |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 17.04.2023 |
| 13. | Bid opening date (online | 18.04.2023 |
| 14. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Garhwa Nagar Parishad |
| 16. | Helpline Number | 8409053313, 7004403551 |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

**Executive Officer**
**Garhwa Nagar Parishad**

**PR 293771 Urban Development(22-23)#D**

---

## कार्यालय :- अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)
Email-supt.pmchpalamu@gmail.com

ज्ञापांक 292 / मेदिनीनगर, **ई–निविदा सम्बन्धी सूचना** दिनांक 22.03.2023

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मेदिनीनगर पलामू में अन्तःवासी मरीजों को दिए जाने वाले पथ्य (भोजन) नाश्ता एवं Meeting अंतर्गत आपूर्ति की जाने वाली Refreshment/Snacks Pack आदि आपूर्ति हेतू प्राधिकृत निबंधित, प्रतिष्ठित संस्था / आपूर्तिकर्ता से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl.no. | Details | Timelines/Other Particulars |
|---|---|---|
| a | Bidding Document Fee (Non-Refundable) | Rs. 5000/-(Rupees Five Thousand) Demand Draft issued by any Nationalize Bank in Favour of " Hospital Management Society Daltonganj, payable at Daltonganj, It will be Non- Refundable. |
| b | Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 50000/- (Fifty Thousand) Demand draft in favour of Hospital Management Society Daltonganj". It will be Refundable. |
| c | Date of Publication of Tender on website | 28/03/2023.on www.jharkhandtenders.gov.in |
| d | Pre-Bid Conference | 10/04/2023 at 11:00 AM in the office of the Superintendent, Medinirai Medical College Hospital, Medininagar, Palamu. |
| e | Last date and Time for submission of Bids | 21/04/2023 to 5:00PM |
| f | Last date of submission of Tender Fee, EMD | up to 22/04/2023 till 03:00PM in the office of Superintendent, Medinirai Medical College Hospital, Medininagar, Palamu, (By Hand) |
| g | Opening of Bid | 26/04/2023 at 01:00 PM in the office of the Tender Inviting Authority. |

**Note:- If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.**

**The complete Bidding document is available on the website** www.jharkhandtenders.gov.in **. The Tenders should be submitted through e-procurement system only except Tenders Document Fee and EMD.**

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल,पलामू

**PR 293623 (District)22-23*D**

---

## प्रपत्र VII
**समाहरणालय, पलामू**
**विशेष भू–अर्जन कार्यालय**
**(शाखा मेदिनीनगर, पलामू) या समाहर्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

पत्रांक 79 मेदिनीनगर, दिनांक 27.03.2023

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता, पलामू को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना अमानत बराज कार्य हेतु ग्राम–हल्दी, थाना–पांकी, थाना सं0–539, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में कुल 10.13 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 10.13 एकड़ है जो ग्राम–हल्दी, थाना–पांकी, थाना सं0–539, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है –

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 01 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 2.90 | सरदार सिंह पिता–नागेष्वर सिंह | नहर | मटन सिंह | दिलोक सिंह वै0 | अमानत नदी |
| 02 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 3.00 | मटन सिंह पिता–बालदेव सिंह | सुरदार सिंह | जिरा देवी | दिलोक सिंह वै0 | अमानत नदी |
| 03 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 1.50 | जिरा देवी पति–जादो सिंह | मटन सिंह | विशेष सिंह | लक्ष्मण सिह वै0 | अमानत नदी |
| 04 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 2.73 | उग्रसेन सिंह पिता–षिवलोक सिंह | जिरा देवी | प्लौट नं0–09 का अंष | बली सिंह वै0 | अमानत नदी |
| | | | | कुल योग :– | 10.13 ए0 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम–हल्दी, थाना–पांकी, थाना सं0–539, अंचल–पांकी, जिला–पलामू क्षेत्रफल–10.13 एकड विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:– शून्य

ह0 / –
विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी
उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर

ह0 / –
अपर समाहर्ता
पलामू

ह0 / –
उपायुक्त
पलामू

PR293795 (Palamu)22-23*D

---

## झारखण्ड सरकार
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **308/2022-23/RWD/GARHWA** दिनांक :- **27.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ GARHWA/30 /SRPKG-01 /2022-23 | (i) एन0एच0–343 खरडीहा मुख्य पथ से तेनुडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.500 कि0मी0) | 6,60,15,450.00 | छः करोड़ साठ लाख पन्द्रह हजार चार सौ पचास रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ GARHWA/31 /SRPKG-02 /2022-23 | (i) मुख्य पथ पुराना अस्पताल रोड से सोनार मुहल्ला, बर मुहल्ला होते हुए दर्जी मुहल्ला डब्लू लाला के घर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.780 कि0मी0)<br>(ii) गोदरनामा भंडरिया राजमार्ग से बाजार होते हुए पी0डब्लू0डी0 बंगला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.780 कि0मी0)<br>(iii) एन0एच0–343 से भौंरी बस्ती होते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.800 कि0मी0)<br>(iv) भुईयां टोली निरंजन राम के घर से बांध होते हुए मेन रोड हामिद अंसारी के घर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.800 कि0मी0) | 5,01,10,669.00 | पाँच करोड़ एक लाख दस हजार छः सौ उनहत्तर रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ GARHWA/32 /SRPKG-03 /2022-23 | (i) एन0एच0–343 नारायणपुर अंचला मोड़ से अंचला ग्राम तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.785 कि0मी0)<br>(ii) सुखबाना गेट नं0–06 से गुरदी गोरा नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.590 कि0मी0)<br>(iii) कल्याणपुर हाई स्कूल से बलही डेम कोटवारी हेलीपैड रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.310 कि0मी0) | 7,49,57,862.00 | सात करोड़ उनचास लाख सनतावन हजार आठ सौ बासठ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ GARHWA/33 /SRPKG-04 /2022-23 | (i) हासनदाग से कजराठ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.780 कि0मी0)<br>(ii) एन0एच0–75 मेराल से मेराल पुरानी बाजार भाया सरस्वती नदी श्मशान घाट तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं–1.655 कि0मी0)<br>(iii) गढ़वा चिनीयां पथ से भुईयां टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं–2.115कि0मी0) | 5,18,14,827.00 | पाँच करोड़ अठारह लाख चौदह हजार आठ सौ सताईस रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ GARHWA/34 /SRPKG-06 /2022-23 | (i) बोदरा से कोल्हुआ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.100 कि0मी0)<br>(ii) मझिगॉव से बरछाबांध होते हुए लावाचम्पा प्राथमिक विद्यालय तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.760 कि0मी0)<br>(iii) खरौंधी मेन रोड से भगवान घाट पी0डब्लू0डी0 रोड भाया चिचरिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.500 कि0मी0) | 8,77,21,538.00 | आठ करोड़ सतहतर लाख इक्कीस हजार पाँच सौ अड़तीस रू0 मात्र | 15 माह |
| 6. | RWD/ GARHWA/35 /SRPKG-07 /2022-23 | (i) तिलैयाटांड़ से पाट सीमाना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.700 कि0मी0) | 5,31,58,116.00 | पाँच करोड़ इकतीस लाख अनठावन हजार एक सौ सोलह रू0 मात्र | 15 माह |
| 7. | RWD/ GARHWA/36 /SRPKG-09 /2022-23 | (i) परासपानी से सुखलदरी झरना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.600 कि0मी0)<br>(ii) आर0सी0डी0 रोड से केतार दुर्गा मंदिर होते हुए केतार बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0)<br>(iii) पिपरीकला बाजार से बॉकी नदी पुल जतपुरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) | 6,08,29,598.00 | छः करोड़ आठ लाख उनतीस हजार पाँच सौ अनठानवे रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (20.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR.NO.293692 Rural Work Department(22-23):D**

NEWS इन ब्रीफ

## मियामी ओपन : सत्र के पांचवें क्वार्टर फाइनल में सबालेंका



**अमेरिका।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन के चौथे दौर में 16वीं सीड बारबोरा क्रेजिकोवा को 6-3, 6-2 से हराकर सत्र के अपने पांचवें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सोमवार की इस एकतरफा जीत के साथ सबालेंका ने सत्र में अपना रिकॉर्ड 20-2 पहुंचा दिया है। सबालेंका और क्रेजिकोवा के बीच यह तीसरा मुकाबला था। तीनों मुकाबले सत्र के पहले डब्लूटीए 1000 टूर्नामेंटों में आये हैं। क्रेजिकोवा ने फरवरी में दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में खिताब जीतने के दौरान सबालेंका को हराया था। सबालेंका ने दो सप्ताह पहले बीएनपी परीबा ओपन में इस हार का बदला चुकाया था।

## सितसिपास चौथे दौर में किया प्रवेश, मेदवेदेव को मिला वाक ओवर

**मियामी।** पहले राउंड में बाई और दूसरे राउंड में वाकओवर मिलने के बाद विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास सोमवार शाम को आखिर कोर्ट पर उतरे और चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को तीन सेटों में 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। यूनानी खिलाड़ी कंधे की चोट के कारण एकापुल्को से हट गए थे और इंडियन वेल्स के पहले राउंड में हार गए थे। उन्हें मियामी में पहले राउंड में बाई मिली और दूसरे राउंड में फ्रांस के रिचर्ड गास्के से वाकओवर मिल गया। सितसिपास 2021 में मियामी में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे।

## नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में वापसी से किया इंकार




**नई दिल्ली।** पूर्व नंबर एक स्पेन के राफेल नडाल ने उन दावों को खारिज किया है जिसमें कहा गया था कि वह चोट से उबरकर अप्रैल में मोंटे कार्लो मास्टर्स में वापसी करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वह अपनी वापसी के लिए कोई निर्दिष्ट समय सीमा नहीं बता सकते। नडाल इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से हारने के बाद से एक्शन से बाहर हैं जहां उन्होंने अपने कूल्हे की चोट को बढ़ा लिया था। नडाल ने बाएं पैर में ग्रेड 2 की चोट के कारण इंडियन वेल्स और मियामी ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा एक दिनी रद्द, श्रीलंका को लगा झटका

### श्रीलंका की उम्मीदों को झटका




**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

क्राइस्टचर्च में मंगलवार को लगातार बारिश के कारण न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे बिना कोई गेंद फेंके धुल गया जिससे श्रीलंका की आईसीसी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। मैच रद्द होने के परिणामस्वरूप दोनों टीमों को पांच-पांच सुपर लीग अंक मिले लेकिन श्रीलंका की विश्व कप 2023 के लिए सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदें और धूमिल हो गयी हैं, क्योंकि वह मौजूदा समय में 82 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है और सिर्फ एक मैच बचा है जो न्यूजीलैंड के खिलाफ 31 मार्च को हेमिल्टन में तीसरे वनडे के रूप में होना है। श्रीलंका को तीसरा वनडे जीतने की जरूरत होगी ताकि वह वेस्टइंडीज से आगे निकलकर तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच सके। यदि श्रीलंका आखिरी वनडे जीतकर 10 सुपर लीग अंक भी हासिल कर लेता है और तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच जाता है तो भी उसका क्वालिफिकेशन दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा जो 80 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है।

दक्षिण अफ्रीका के हॉलैंड के खिलाफ स्थगित वनडे सीरीज से दो मैच बचे हैं और वह दोनों मैच जीतकर श्रीलंका और वेस्ट इंडीज से आगे निकलकर आठवें स्थान पर पहुंच जाएगा। क्राइस्टचर्च का मैच रद्द होने के बावजूद न्यूजीलैंड का सुपर लीग की तालिका में शीर्ष स्थान पर रहना तय है। यदि वह आखिरी मैच हार भी जाए तो भी वह शीर्ष स्थान पर रहेगा। न्यूजीलैंड के 165 अंक हैं और एक मैच बाकी है।

## डिविलियर्स ने विराट से पहली मुलाकात का किया खुलासा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने 2011 में विराट कोहली से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए रहस्योद्घाटन किया है कि जब वह पूर्व कप्तान से पहली बार मिले तो उन्हें लगा कि वह काफी घमंडी हैं। डिविलियर्स 2011 में आरसीबी से जुड़े थे और कोहली के साथ उनके अच्छे संबंध बने। डिविलियर्स नवम्बर 2022 में क्रिकेट के सभी प्रारूप से रिटायर हो गए जबकि कोहली आरसीबी टीम के मुख्य स्तंभ बने रहे। डिविलियर्स ने आरसीबी पॉडकास्ट में क्रिस गेल के साथ बातचीत में कहाः मैंने यह सवाल पहले भी सुना है। मैं इसका ईमानदारी से जवाब दूंगा। जब मैं पहली बार उनसे मिला तो मुझे लगा कि वह काफी घमंडी हैं और काफी भड़कीले हैं। एबीडी ने आगे कहा कि जैसे ही उन्होंने विराट को नजदीक से जानना शुरू किया तो उनकी यह धारणा तुरंत ही बदल गयी।

# बांग्लादेश ने आयरलैंड को पहले टी-20 मैच में हराया

## डीएलएस मेथड से आयरलैंड को 22 रनों से दी मात

### तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की ली बढ़त



**एजेंसी। चटगांव**

आयरलैंड इस समय बांग्लादेश के टूर पर है। दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 मुकाबले और एक टेस्ट खेला जाएगा। चटगांव में खेले गए पहले टी-20 में बांग्लादेश ने आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस मेथड से 22 रन से हराया। टॉस जीत कर आयरलैंड ने फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खो कर 207 रन बनाए। इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाला। आयरलैंड को 104 रन का टारगेट मिला जो वह 8 ओवर में पूरा नहीं कर पाए।

**बांगलदेश की धमाकेदार ओपनिंग :** बांग्लादेश के लिए लिटन दास और रोनी तालुकदार ने ओपनिंग की। दोनों ने मिल कर टीम को शानदार शुरुआत दी और 91 रन जोड़े। बाद में नजमुल होसैन शान्तो ने 14, शमीम होसैन ने 30 और तरोहिद हृदोय ने 13 रन जोड़े। कप्तान शाकिब अल हसन नाबाद रहे। उन्होंने 13 बॉल में 20 रन बनाए। मेहदी हसन ने 4 रन जोड़े। आयरलैंड की ओर से क्रैग यंग को 2 विकेट मिले। वहीं ग्राहम ह्युम, मार्क अडायर और हैरी टेक्टर ने 1-1 विकेट मिला।

**आयरलैंड की बल्लेबाजी फेल :** डीएलएस मेथड की वजह से आयरलैंड को 8 ओवर में 104 रन का लक्ष्य मिला। बल्लेबाजी करने उतरे पॉल स्टर्लिंग और रॉस अडायर 17 रन बना कर आउट हुए। लॉर्कन टकर 1 रन ही बना सके और हैरी टेक्टर ने 19 रन बना कर संभालने की कोशिश की, लेकिन तस्किन ने उनका विकेट ले लिया। जॉर्ज डेलनी नाबाद रहे। उन्होंने 14 बॉल में 21 रन बनाए। आयरलैंड 8 ओवर में 81 रन ही बना सकी। बॉलिंग में तस्कीन अहमद छाए रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। वहीं हसन महमूद ने 1 विकेट हासिल किया। जीत के साथ ही बंगलदेश ने 3 टी-20 की सीरीज में 1-0 से बढ़त ली। बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच का अगला मुकाबला कल यानी 29 मार्च को खेला जाएगा।

## पाकिस्तान ने आखिरी टी-20 जीता

### अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका




**एजेंसी। शारजाह**

कार्यवाहक कप्तान शादाब खान के आलराउंड प्रदर्शन से पाकिस्तान ने सोमवार को तीसरा और आखिरी टी-20 आसानी से 66 रन से जीतकर अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोक दिया। पाकिस्तान की यह सांत्वना भरी जीत थी, क्योंकि अफगानिस्तान पहले दो मैच क्रमशः छह और सात विकेट से जीतकर सीरीज पर पहले ही कब्जा कर चुका है। शादाब को तीसरे मैच में उनके जबरदस्त आलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 17 गेंदों में महत्वपूर्ण 28 रन बनाये जबकि गेंदबाजी में चार ओवर में मात्र 13 रन देकर तीन विकेट झटके।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर सात विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर बनाया। युवा ओपनर सैम अयूब ने 40 गेंदों पर 49 रन और शादाब ने 28 तथा इफ्तिखार अहमद ने 31 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान पहले दो मैचों की सफलता को नहीं दोहरा पाया और 18.4 ओवर में 116 रन पर लुढ़क गया। पाकिस्तान की तरफ से युवा तेज गेंदबाज एहसानुल्लाह और लेग स्पिनर शादाब ने तीन-तीन विकेट झटके। शादाब इसके साथ ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 100 विकेट पूरे करने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए।

**हमें पाकिस्तान के गौरव के लिए खेलना था**

**पाकिस्तान** के कार्यवाहक कप्तान शादाब खान ने तीसरा टी-20 जीतकर अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोकने के बाद कहा कि टीम को पाकिस्तान के गौरव के लिए खेलना था और उसने वैसा ही किया। पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 में 66 रन की जीत दर्ज की। शादाब ने 28 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर जीत में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहले दो मैच हारने के बावजूद जीत के साथ सीरीज को समाप्त करना चाहता था। प्लेयर ऑफ द मैच बने शादाब ने मैच के बाद कहाः हम जीत के साथ सीरीज को समाप्त करना चाहते थे और हमने ऐसा किया। हमें परिस्थितियों से अभ्यस्त होना था और हमारे बल्लेबाज ऐसा करने में सफल रहे। हमें पाकिस्तान के गौरव के लिए खेलना था और हमने वैसा किया। इस सीरीज का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को मौका देना था। उम्मीद है कि इन मैचों से उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा जो उन्हें लम्बे सफर में फायदा देगा।

## वर्ल्ड कप जीत को आत्मसात नहीं कर पाया हूं : लियोनल मेसी



**एजेंसी। एसुनसियन**

सुपरस्टार लियोनल मेसी ने कहा है कि वह अभी तक अर्जेंटीना की कतर में विश्व कप जीत को आत्मसात नहीं कर पाए हैं। शिन्हुआ के अनुसार अर्जेंटीना के कप्तान ने पराग्वे की राजधानी एसुनसियन में एक समारोह के दौरान यह टिप्पणी की। समारोह में अर्जेंटीना की तीसरी विश्व कप जीत के हीरो अर्जेंटीना के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को पदक और ट्रॉफियां भेंट की गयीं। मेसी ने कहाः विश्व चैम्पियन होने के नाते हमें जो भी मान्यता मिल रही है लेकिन मैं यह अभी भी आत्मसात नहीं कर पाया हूं कि हमने क्या हासिल किया है।

35 वर्षीय मेसी ने फाइनल में फ्रांस के खिलाफ दो गोल किये और उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल अवार्ड मिला। उन्होंने दोहराया कि वह अभी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलना जारी रखना चाहते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन के स्टार ने कहाः मैंने फुटबॉल में लगभग सब कुछ हासिल किया है। अब मुझे उन चीजों का आनंद लेना है जो मैंने छोड़ा है। यह समारोह अर्जेंटीना की पनामा के खिलाफ मैत्री मैच में 2-0 की जीत के चार दिन बाद हुआ।

## फुटबॉल : फ्रांस ने आयरलैंड को हराया

### हॉलैंड को जिब्राल्टर पर मिली जीत



**एजेंसी। बर्लिन**

बेंजामिन पवार्ड के गोल से फ्रांस ने आयरलैंड को डबलिन में यूरो क्वालीफायर्स 2024 के ग्रुप बी मुकाबले में हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि हॉलैंड और हंगरी ने भी अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। शिन्हुआ ने खबर दी है कि पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद पवार्ड ने 50वें मिनट में आयरलैंड के क्षेत्र के बाहर जोश कुलेन के पास को संभाला और बेहतरीन स्ट्राइक से गोल दाग दिया। हॉलैंड ने शुक्रवार को फ्रांस से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे जिब्राल्टर को 3-0 से हरा दिया। मेम्फिस डेपॉय ने 23वें मिनट में हैडर से पहला गोल दागा। नाथन एके ने दूसरा हाफ शुरू होने के चार मिनट बाद दूसरा गोल किया और 83वें मिनट में अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागा। एस्टोनिया ने लिंज में ऑस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप एफ में पहले हाफ में बढ़त बनायी जबकि फ्लोरियन कैंज ने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल करते हुए टीम को बराबरी दिला दी। माइकल ग्रेगोरिस्च ने ऑस्ट्रिया के लिए दूसरे हाफ में विजयी गोल दागा। स्वीडन ने घरेलू मैच में अजरबैजान को 5-0 से हरा दिया। मोल्दोवा ने ग्रुप ई में चेक गणराज्य के खिलाफ गोलरहित ड्रा खेला जबकि पोलैंड ने घरेलू मैच में अल्बानिया को 1-0 से हरा दिया। मेजबान हंगरी ने बुल्गारिया को 3-0 से हराकर ग्रुप जी में अपना अभियान शानदार अंदाज में शुरू किया। हंगरी ने अपने पिछले आठ क्वालीफायर मैचों में से सात जीत लिए हैं।

## भारत में पहला जज कोर्स हुआ आयोजित

**शिलांग।** देश में निशानेबाजी की संचालन संस्था भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मेघालय की राजधानी शिलांग में देश का पहला तीन दिवसीय जज कोर्स आयोजित किया। एनआरएआई के शिक्षा विभाग की एक पहल यह कोर्स इंडोनेशिया के बाली के कोर्स इंस्ट्रक्टर हेनरी ओका के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ से मान्यता प्राप्त इंस्ट्रक्टर हाल में भोपाल में आयोजित विश्व कप राइफल, पिस्टल के ज्यूरी सदस्यों में से एक थे। राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके 21 एथलीट इस कोर्स में हिस्सा लेंगे और योग्य उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। जिन राज्यों ने अपने प्रतिनिधि इस सी लेवल जज कोर्स के लिए भेजे हैं उनमें असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा शामिल हैं।

**खिताबी जीत** | **84वीं सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप**

# साथियान, श्रीजा अकुला ने जीता खिताब

### फाइनल में पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सुतीर्था मुखर्जी को 4-2 से हरा कर खिताब जीता

### जी साथियान ने पुरुष एकल फाइनल में हरमीत देसाई को हराया



**एजेंसी। जम्मू**

राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता साथियान ज्ञानसेखरन और श्रीजा अकुला ने सोमवार को जम्मू में 84वीं सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 में क्रमशः पुरुष और महिला एकल का खिताब जीत लिया है। श्रीजा ने जम्मू विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में फाइनल में पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सुतीर्था मुखर्जी को 4-2 से हराकर महिला एकल खिताब जीता। इस बीच, जी साथियान ने पुरुष एकल फाइनल में हरमीत देसाई को 4-0 (11-9, 11-7, 11-8, 11-5) से मात देकर अपना दूसरा खिताब जीता। अपना छठा फाइनल खेल रहे साथियान ने इससे पहले 2021 में दिग्गज पैडलर अचंता शरत कमल को हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी।

10 बार के पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन, भारतीय टेबल टेनिस के दिग्गज शरथ कमल ने चोट के कारण राष्ट्रीय स्तर पर भाग नहीं लिया। इस बीच, शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला एकल खिलाड़ी मनिका बत्रा, आहिका मुखर्जी से 4-2 से हारकर राउंड ऑफ 16 में बाहर हो गईं। महिला एकल सेमीफाइनल में सुतिर्था मुखर्जी ने आयुका मुखर्जी को 4-0 से जबकि श्रीजा अकुला ने अर्चना कामथ को 4-2 से हराया। पुरुषों के सेमीफाइनल में जी. साथियान ने मानव ठक्कर को 4-2 से और हरमीत देसाई ने मानुष शाह को 4-3 से हराया।

जीत चंद्रा और अंकुर भट्टाचार्जी ने मोहम्मद अली और वंश सिंघल को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल ट्रॉफी जीती। श्रीजा अकुला और दीया चितले ने महिला युगल फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में महाराष्ट्र की स्वास्तिका घोष और श्रुति अमृते की जोड़ी को 3-1 से हराया। मिश्रित युगल फाइनल में मानव ठक्कर और अंकुर भट्टाचार्जी ने अंकुर भट्टाचार्जी और मौमिता दत्ता को 3-0 से हराया। पहले दौर में मानव ठक्कर और अंकुर भट्टाचार्जी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त जी साथियान और मनिका बत्रा को 3-0 से हराया था।

